


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा


वर्ष 37 अंक 141 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 20 फरवरी 2026 डाक 21 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
छत्तीसगढ़ मे आदिवासी नेतृत्व गढ़ रहा है विकास के नए सोपान

**देश-विदेश**
गाजा के पुनर्निर्माण का मेगा प्लान ट्रंप ने बोर्ड ऑफ पीस में किया 7 अरब डॉलर जुटाने का ऐलान

**फीचर पेज**
बच्चों के नाश्ते में शामिल करें चुकंदर, जानिए इससे कैसे बनाएं स्वादिष्ट व्यंजन







# जबलपुर, हैदराबाद और बागलकोट देश के तीन शहरों में सांप्रदायिक तनाव



**नईदिल्ली 20 फरवरी [एजेंसी]।**

देश के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच हिंसक टकराव देखने को मिल रहा है। मध्य प्रदेश के जबलपुर में मंदिर में पूजा और मस्जिद में नमाज के दौरान दोनों समुदायों में तनाव बढ़ गया। वहीं, कर्नाटक में बागलकोट जिले में शिवाजी जयंती के दौरान निकाले जुलूस पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पथराव किया। इसके अलावा हैदराबाद अंबरपेट में भी धार्मिक आयोजन के दौरान सांप्रदायिक तनाव की घटनाएं सामने आई है। हैदराबाद के अंबरपेट में जामा मस्जिद के सामने से शिवाजी जयंती का जुलूस गुजर रहा था। उसी समय मस्जिद में रमजान की नमाज चल रही थी। जुलूस के दौरान तेज संगीत और नारेबाजी को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई। इस दौरान कथित तौर पर एक वीडियो बना रहे यूट्यूबर पर भीड़ ने हमला कर दिया।

जिसके बाद दोनों समुदायों में तनाव बढ़ गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को कंट्रोल किया। अंबरपेट पुलिस ने कहा, एक यूट्यूबर अंबरपेट में जामा मस्जिद के पास वीडियो बना रहा था। उस पर लोगों ने हमला कर दिया। इत्तेफाक से, छत्रपति शिवाजी महाराज का जुलूस वहां से गुजर रहा था, और दोनों ग्रुप नारे लगा रहे थे। हमारे पुलिस अधिकारी मौके पर थे और उन्होंने स्थिति को कंट्रोल किया। कर्नाटक के बागलकोट में जयंती की जुलूस मस्जिद के पास से निकल रही थी, इसी दौरान जुलूस पर पत्थरबाजी हुई। हिंदू संगठनों ने आरोप लगाया कि मस्जिद से एक पत्थर उड़कर आया। पुलिस ने दोनों तरफ से इकट्ठा हुए सभी लोगों को हटा दिया है और हालात कंट्रोल में है। बागलकोट के स्कसिद्धार्थ गोयल ने कहा, छत्रपति शिवाजी जयंती जुलूस के दौरान पत्थरबाजी हुई। हमारी तरफ भी पत्थर फेंके गए। लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। हम दोषियों को गिरफ्तार करेंगे और सख्त कार्रवाई करेंगे। जबलपुर के सिहोरा इलाके में गुरुवार रात को आजाद चौक पर दुर्गा मंदिर में पूजा चल रही थी। इस दौरान मस्जिद में नमाज चल रही थी। पूजा और नमाज के दौरान दोनों समुदायों के लोगों में कहासुनी हो गई। इसी दौरान एक युवक ने दुर्गा मंदिर की ग्रिल को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया। यह देखकर हिंदू युवक भड़क गए।

उनके बीच मारपीट होने लगी। कुछ ही देर में मुस्लिम समाज के कई युवक आए और मंदिर परिसर में घुसने लगे। इसके बाद विवाद ने उग्र रूप ले लिया। कुछ ही देर में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। उपद्रवियों को नियंत्रित करने के लिए अश्रु गैस के गोले छोड़कर भीड़ को तितर-बितर किया गया। उसके बाद स्थिति नियंत्रण में आई। तनाव को देखते हुए क्षेत्र में बड़ी संख्या में बल तैनात किया गया है।

# बिहार विधानसभा में मैथिली ठाकुर ने फिर लूटी महफिल लालू को बताया धृतराष्ट्र और तेजस्वी को दुर्योधन

**पटना, 20 फरवरी [एजेंसी]।**



बिहार विधानसभा में शिक्षा बजट पर चर्चा के दौरान बीजेपी विधायक मैथिली ठाकुर ने जोरदार भाषण से सदन में सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने अपने वक्तव्य की शुरुआत संस्कृत के श्लोक तमसो मा ज्योतिर्गमय से की। उन्होंने कहा कि जब वे सदन में खड़ी हैं तो यह श्लोक उनके मन में गूंज रहा है। मैथिली ने पुराने दौर को याद करते हुए कहा कि कभी हालात ऐसे थे कि महिलाएं घर से बाहर निकलने में भी असुरक्षित महसूस करती थीं। आज वही महिलाएं दरभंगा से पटना तक सुरक्षित सफर कर रही हैं। उनके इस बयान पर सदन में पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। मैथिली ठाकुर ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या सभी को वह बिहार याद है, जिसे 'जंगलराज' कहा जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी। सरकारी स्कूलों की इमारतें जर्जर थीं और कई जगहों पर ताले लटकते थे। बजट तो आता था, लेकिन जमीन पर उसका असर नहीं दिखता था। गरीब परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा दूर की बात थी, क्योंकि घर में दो वक्त का भोजन भी मुश्किल था। उन्होंने कहा कि उस दौर के गवाह आज विपक्ष में बैठे लोग भी हैं। अपने भाषण के दौरान मैथिली ठाकुर ने लालू प्रसाद यादव की तुलना महाभारत के धृतराष्ट्र से की। उन्होंने कहा कि उस समय के 'राजा' को बिहार रूपी हस्तिनापुर की चिंता नहीं थी। उन्हें केवल अपने 'दुर्योधन' की फिक्र थी।

इसी क्रम में उन्होंने तेजस्वी यादव को दुर्योधन बताया। इस टिप्पणी के बाद आरजेडी विधायकों ने कड़ा विरोध जताया। सदन में दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। मैथिली ने कहा कि महाभारत में जैसे युधिष्ठिर के शासन में शांति स्थापित हुई, उसी तरह नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास और शिक्षा के रास्ते पर आगे बढ़ा। उन्होंने विशेष रूप से साइकिल योजना का उल्लेख किया। कहा कि विपक्ष ने इस योजना का मजाक उड़ाया था।

### आतंकी हमले की साजिश नाकाम

# जम्मू-कश्मीर के बारामूला में फिर मिला आईईडी, एक हफ्ते में दूसरी घटना



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने एक बड़ी आतंकी साजिश को टाल दिया। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के जांबाजपोरा इलाके में जवानों ने मुस्तैदी के साथ एक आईईडी बरामद कर उसे सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया। यह इस हफ्ते में दूसरी बार है जब सेना को एक आईईडी बरामद हुआ और उसे बड़ी ही सावधानी के साथ निष्क्रिय किया गया। इससे पहले 18 फरवरी को श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क के किनारे एक संदिग्ध वस्तु मिलने से हड़कंप मच गया था। जानकारी के अनुसार, यह एक आईईडी था, जिसे किसी बड़ी आतंकी साजिश के तहत प्लांट किया गया था। सुरक्षाबलों ने उसे निष्क्रिय करने के लिए त्वरित एक्शन लिया और दोनों तरफ से ट्रैफिक रोककर बम स्क्वायड टीम को बुलाया। इस बीच कुछ समय में आईईडी डिफ्यूज कर दिया गया।

### एआई समिट में ऋषि सुनक का मजाकिया अंदाज

# एआई बहुत कुछ कर सकता है, दिल्ली का ट्रैफिक नहीं खत्म कर सकता

**नईदिल्ली 20 फरवरी [एजेंसी]।**



दिल्ली की ट्रैफिक जाम की समस्या हर दिन आम नागरिक तो झेल ही रहे हैं, लेकिन इसमें कल एक बड़े नेता को भी फंसना पड़ा। दरअसल, नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट चल रही है। इस समिट में शामिल होने दुनिया के कई देशों के प्रमुख नेता आए हैं।

पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में शामिल हुए। दिल्ली के जाम के चलते उन्हें समिट में पहुंचने में कुछ मिनट की देरी हो गई। ऋषि सुनक जैसे ही वहां पहुंचे मजाकिया अंदाज में माफी मांगी। उन्होंने कहा, सॉरी, हम कुछ मिनट लेट हो गए और ये पूरी तरह मेरी गलती है। एआई बहुत कुछ कर सकता है, जैसा कि हमने इस हफ्ते देखा, लेकिन अभी तक वो दिल्ली के ट्रैफिक को ठीक नहीं कर सकता। इसलिए, अभी बहुत काम करना बाकी है। यही नहीं ऋषि सुनक ने अपने हल्के-फुल्के मजाक को जारी रखते हुए कहा कि भारत ने एआई की दौड़ में ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया। इस दौरान सुनक ने यह भी याद दिलाया कि इंग्लैंड अभी भी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में सबसे आगे है। ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक महाशक्ति के रूप में अग्रणी स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने प्रौद्योगिकी के विकास और उपयोग के लिए देश के अथक प्रयासों की सराहना की।






## विधानसभा सत्र के दौरान कोरबा जिले के अधिकारी-कर्मचारियों के मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध, कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के आगामी षष्ठम् विधानसभा के अष्टम् सत्र के सुचारू संचालन और शासकीय कार्यों की समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कुणाल दुदावत ने आगामी विधानसभा सत्र की अवधि 23 फरवरी 2026 दिन सोमवार से 20 मार्च 2026 दिन शुक्रवार तक जिले के समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने पर प्रतिबंध लगाया है।विधानसभा सत्र के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय-सीमा के भीतर शासन एवं वरिष्ठ कार्यालयों को प्रेषित किया जाना अनिवार्य है। इसी गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए, कलेक्टर की अनुमति के बिना किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के जिले से बाहर जाने पर पूर्णतः रोक लगाई गई है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। इस संबंध में जिले के सभी प्रभारी अधिकारियों और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित कर दिया गया है ताकि सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न न हो।



## पेड़ कटाई शुरू, आई हॉस्पिटल व नेफ्रोलॉजी सेंटर जल्द बनेगा

**कोरबा।** जिला अस्पताल परिसर के पीछे हिस्से में अब जल्द ही 40 बिस्तर का आई हॉस्पिटल व नेफ्रोलॉजी सेंटर का निर्माण शुरू हो जाएगा, क्योंकि चिन्हित जमीन पर कई माह से अटकी पेड़ों की कटाई की प्रक्रिया अनुमति मिल चुकी है। जिला अस्पताल परिसर में लगभग 1.92 लाख की लागत से 40 बिस्तर के आई हॉस्पिटल स्वीकृत है, जिसका निर्माण सीजीएमएससी कराएगा। आई हॉस्पिटल के निर्माण के लिए अस्पताल परिसर के पीछे हिस्से की जमीन को चिन्हित किया गया है। आई हॉस्पिटल का निर्माण के लिए टेंडर भी हो चुका है, लेकिन स्वीकृत स्थल पर इमारती पेड़ों के होने की वजह से निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। 8 माह पहले सीजीएमएससी ने पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग को पत्र लिखा था। वन विभाग ने डिमांड राशि जमा करने को कहा तो उसमें देरी हुई।पत्राचार और रकम जमा करने के बाद वन विभाग से पेड़ों की कटाई की अनुमति मिल गई। वर्तमान में वन विभाग ने पेड़ों की कटाई भी शुरू कर दी है। जिस स्थान पर पेड़ों की कटाई हो रही है, वहां नेफ्रोलॉजी सेंटर का निर्माण स्वीकृत है। इस तरह अब पेड़ कटाई पूरा होने के बाद आई हॉस्पिटल के साथ ही नेफ्रोलॉजी सेंटर का निर्माण भी शुरू हो जाएगा। जिला अस्पताल में वर्तमान में नेत्र रोग विभाग का ओपीडी व आईपीडी तो एक ही छत के नीचे संचालित है, पर ओटी अलग से नहीं है। कॉमन ओटी में ही नेत्र रोग मरीजों की आंखों का ऑपरेशन होता है, पर 40 बिस्तर का आई हॉस्पिटल सर्वसुविधायुक्त होगा। यहां ओपीडी, आईपीडी समेत ऑपरेशन थियेटर एक ही छत के नीचे होगा। आई हॉस्पिटल के बाद आई बैंक भी खुलने का रास्ता साफ हो जाएगा। भविष्य में कॉर्निया ट्रांसप्लांट भी हो सकेगी। जिला अस्पताल के मेडिकल कॉलेज संबद्ध होने से नेत्र रोग विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टर पदस्थ हैं, इसलिए पहले से अधिक नेत्र रोगी पहुंचने लगे हैं।

## करतला समेत 5 कोल ब्लॉक का आवंटन जल्द

**कोरबा।** जिले के चिन्हित 5 कोल ब्लॉकों को हासिल करने तकनीकी समिति के मूल्यांकन में खरा उतरने के बाद बोली लगाने वाली कंपनियों से अंतिम प्रस्ताव मंगवाया गया है।
अब 14वें दौर के कोल ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया अंतिम चरण पर है। खनन पट्?टा हासिल करने पर आवंटित कंपनी को स्वयं के उपयोग के साथ कोयले की बिक्री का अधिकार होगा, क्योंकि कमर्शियल माइनिंग के तहत कोल ब्लॉकों को आवंटित किए जाएंगे। 14वें दौर में छत्तीसगढ़ समेत दूसरे राज्यों के 41 कोल ब्लॉकों को नीलामी सूची में रखने के बाद कंपनियों से बोलियां मंगाई गई थी। जिन खदानों के लिए बोलियां मिली हैं, उनमें से कोरबा जिले के तीन करतला विकासखंड में और दो खदानें कोरबा ब्लॉक में शामिल है।5 कोल ब्लॉक में करतला ब्लॉक के करतला साउथ, कलगामार, मदवानी और कोरबा विकासखंड के बताती कोल्गा वेस्ट व तौलीपाली कोल ब्लॉक है। जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार ये सभी खदानें 1 हजार मिलियन टन से अधिक उत्पादन क्षमता की है।जिले के इन कोल ब्लॉकों के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और एक्सिस एनर्जी वेंचर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की बोलियां लगाई है। तकनीकी समिति के मूल्यांकन में योग्य पाए जाने पर अब अंतिम प्रस्ताव तय तिथि को मंगाया गया। इनमें कोरबा जिले के 5 कोल ब्लॉकों के साथ ही छत्तीसगढ़ समेत दूसरे राज्यों के 18 कोल ब्लॉक भी शामिल हैं। 27 फरवरी तक अंतिम प्रस्ताव पेश करने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। कंपोजिट लाइसेंस हासिल करने के बाद कंपनियां कोल ब्लॉक में कोयले का व्यवसायिक खनन कर पाएगी। पहली बार रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कोल ब्लॉकों हासिल करने में रुचि ली है। इसके अलावा कई नई कंपनियों ने भी खनन कार्य के लिए बोलियां लगाई है।

## ग्राम सखोदा में 4जी कनेक्टिविटी स्थापना हेतु भूमि संबंधी दावा-आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्शल अभियान पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर द्वारा आकांक्षी जिला योजना अंतर्गत ग्राम सखोदा, पहाड़ नंबर 20, राजस्व निरीक्षण मंडल कोरबी, तहसील पोंडी-उपरोड़ा में 4जी कनेक्टिविटी स्थापित करने हेतु चिन्हांकित भूमि के आधिपत्य प्रदाय संबंधी पत्र प्राप्त हुआ है।इस संबंध में ग्राम सखोदा के समस्त संबंधित व्यक्ति एवं संस्थाओं को अवगत कराया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भूमि पर किसी प्रकार का दावा या आपत्ति प्रस्तुत करनी हो, तो वे दिनांक 06 मार्च 2026 तक न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

# पीएम विश्वकर्मा योजना ने टेलर बलराम को दी आत्मनिर्भरता की नई रोशनी



**कोरबा ।** यह कहानी कोरबा के निवासी श्री बलराम कुंभकार की है, जिन्होंने अपनी मेहनत और शासन की योजनाओं के प्रभावी उपयोग से अपने पारंपरिक टेलरिंग व्यवसाय को एक नई दिशा और पहचान दी है। हितग्राही बलराम ने छत्तीसगढ़ शासन की पी.एम. विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लाइवलीहुड कॉलेज, कोरबा से टेलर (दर्जी) ट्रेड में कौशल विकास की शुरुआत की। प्रारंभ में उन्होंने 7 दिवसीय बेसिक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसके उपरांत उन्हें शासन द्वारा 4,000 रुपये की स्टाइपेंड राशि प्रदान की गई। अपने व्यवसाय को विस्तार देने के उद्देश्य से उन्हें बिना किसी गारंटर के 1 लाख रुपये का ऋण भी प्राप्त हुआ, जिसका उपयोग उन्होंने अपने कार्यक्षेत्र को आधुनिक और सुसज्जित बनाने में किया।
वर्तमान में हितग्राही बलराम अपनी दक्षता को और अधिक निखारने के लिए 15 दिवसीय एडवांस प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण के माध्यम से वे नवीन डिजाइन, आधुनिक उपकरणों और उन्नत तकनीकों का उपयोग करना सीख रहे हैं, जिससे उनके पारंपरिक व्यवसाय को नई मजबूती और गति मिल रही है। इस एडवांस कोर्स के दौरान उन्हें 500 रुपये प्रतिदिन की दर से कुल 7,500 रुपये का स्टाइपेंड तथा 1,000 रुपये का यात्रा भत्ता भी प्रदान किया जा रहा है। भविष्य को लेकर लाभार्थी अत्यंत उत्साहित हैं। उन्हें विश्वास है कि प्रशिक्षण के पूर्ण होने पर मिलने वाली 2 लाख रुपये तक की बिना गारंटर ऋण सुविधा उनके व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। उनका मानना है कि लाइवलीहुड कॉलेज से प्राप्त शिक्षण और वित्तीय सहायता ने उनके जीवन में आत्मनिर्भरता की एक नई रोशनी जगाई है।

# जिला स्तरीय लॉ इन्फोर्समेंट कोटपा अधिनियम 2003 कार्यशाला सम्पन्न



**कोरबा ।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय लॉ इन्फोर्समेंट कोटपा अधिनियम 2003 विषयक कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी के नेतृत्व में किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के 40 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।कार्यक्रम में श्री विवेक त्रिपाठी, उप संचालक (अभियोजन) कोरबा, डॉ. मानसी जायसवाल, जिला सलाहकार (एनटीसीपी) एवं श्री सुनील कुमार साण्डे (औषधि निरीक्षण) द्वारा तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों तथा कोटपा अधिनियम 2003 की प्रमुख धाराओं, ई-सिगरेट पर कार्यवाही, हुक्का बार में प्रतिबंध एवं विद्यालयों को तम्बाकू मुक्त बनाने के मापदंडों की जानकारी दी गई। साथ ही जिला चिकित्सालय कोरबा स्थित तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में उपलब्ध निःशुल्क परामर्श एवं दवाओं की जानकारी प्रदान कर आईईसी सामग्री एवं पाम्पलेट वितरित किए गए। कार्यशाला में नोडल अधिकारी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. कुमार पुष्पेश, डीपीएम श्री पद्माकर शिंदे, श्री दुष्यंत कोटांगले एवं संतोष केंवट उपस्थित रहे।

## 4-जी कनेक्टिविटी: जमीन संबंधी आपत्ति 6 मार्च तक

**कोरबा।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल अभियान पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर की ओर से आकांक्षी जिला योजना से पोड़ी-उपरोड़ा तहसील के राजस्व निरीक्षण मंडल कोरबी के ग्राम सखोदा में 4 जी कनेक्टिविटी स्थापित करने चिन्हांकित भूमि के आधिपत्य प्रदाय संबंधी पत्र प्राप्त हुआ है।

## कलेक्टर की अनुमति बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे कर्मी

**कोरबा।** आगामी विधानसभा सत्र 23 फरवरी से शुरू होगी, जो 20 मार्च तक चलेगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी अधिकारी व कर्मचारी को बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने पर प्रतिबंध लगाया है। विधानसभा सत्र के सुचारू संचालन और शासकीय कार्यों की समयबद्धता सुनिश्चित करने कलेक्टर ने यह निर्देश जारी किया है। इसमें कहा है कि विधानसभा सत्र के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय-सीमा के भीतर शासन और वरिष्ठ कार्यालयों को प्रेषित करना अनिवार्य है। कलेक्टर की अनुमति के बिना किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के जिले से बाहर जाने पर पूर्णतः रोक लगाई गई है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

# 114 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया गया एनसीडी प्रशिक्षण





**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री एस.एन. केशरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ तथा एकम फाउंडेशन के सहयोग से गैर संचारी रोग (एनसीडी) पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के 114 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को छत्तीसगढ़ में टाइप 1 डायबिटीज के बढ़ते प्रभाव, परामर्श तकनीक, सामुदायिक जागरूकता तथा इसके नैदानिक प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान पेशेंट सपोर्ट ग्रुप और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की भूमिका के साथ-साथ रोगियों एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी गहन चर्चा की गई। प्रशिक्षण में विशेष रूप से इस बात पर बल दिया गया कि स्वास्थ्य कर्मी किस प्रकार टाइप 1 डायबिटीज मरीजों और उनके परिवारों को सामाजिक, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और आर्थिक बोझ से निपटने के लिए प्रभावी परामर्श प्रदान कर सकते हैं।इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र को सीएमएचओ डॉ केशरी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता सोना, यूनिसेफ स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेन्द्र सिंह एवं जिला प्रबंधक (अस्पताल) कुमारी गीता एक्का द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला प्रबंधक (एन.एच.एम.) श्री पद्माकर शिंदे तथा एनसीडी कंसल्टेंट डॉ. नरेन्द्र जायसवाल का विशेष सहयोग रहा।

# शोध पत्रों की स्मारिका के विमोचन से राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ, सेमिनार का महत्व बताया




**कोरबा ।** गवर्नमेंट कॉलेज करतला में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। विद्या भारती के प्रांतीय अध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य विधिक परिषद छत्तीसगढ़ के सदस्य अशोक तिवारी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य मृगेश यादव ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. विदुषी शर्मा अकादमिक काउंसलर नई दिल्ली, डॉ. अनुपम कुमार सिंह सहायक प्राध्यापक, राजेंद्र महाविद्यालय छपरा बिहार ने अन्य अतिथियों के साथ राष्ट्रीय संगोष्ठी के शोध पत्रों स्मारिका का विमोचन किया। मुख्य अतिथि जुड़ावन सिंह ठाकुर ने इस राष्ट्रीय से?मिनार के महत्व पर प्रकाश डाला। दिल्ली से आई मुख्य वक्ता डॉ. विदुषी शर्मा ने संगोष्ठी के विषय को सार्थक करते हुए 2047 में सब की सहभागिता से विकसित भारत बने इस दिशा में हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। अंत में आयोजन सचिव डॉ. सपना मिश्रा व डॉ. संजय यादव ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों व प्रतिभागियों का आभार प्रदर्शन किया। संगोष्ठी के द्वितीय दिवस डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने अपने विचार रखे।

## सेना भर्ती: ऑनलाइन आवेदन एक अप्रैल तक करना होगा

**कोरबा ।** सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना जारी करने के बाद वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल तक खुली रहेगी। आवेदन अग्निवीर पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक/ स्टोरकीपर, ट्रेडमेन 10 वीं पास, ट्रेडमेन 8वीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) व स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट व सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी किया गया है।

## ठगी-लूट से बचने के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**कोरबा ।** बैंक से रकम लेकर निकलने वालों से होने वाली लूट, उठाईगिरी, चोरी व ठगी जैसी घटनाओं से ग्रामीणों को बचाने पसान थाना क्षेत्र में विशेष जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया, जहां लोगों को अनजान व संदिग्ध व्यक्ति से सतर्क रहने और ऐसे लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहा। पसान थाना प्रभारी चंद्रप्रताप खांडेकर ने पसान के साप्ताहिक बाजार में पहुंचकर वहां दुकान लगाने वाले सराफा व्यापारियों व अन्य दुकानदारों को सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दिए। व्यापारियों व बैंक में सीसी कैमरे नियमित रूप से संचालित रखने के साथ ही लेन-देन में विशेष सावधानी बरतने निर्देशित किया। शराब दुकान में भी सुरक्षा उपाय करने को कहा।

# छग स्टेट क्रिकेट संघ की सीनियर टीम में जितेन्द्र व सत्यम का चयन



**गेवरा-दीपका ।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की सत्र 2026-27 के लिए घोषित मेंस सीनियर प्लेट कंबाइंड टीम में कोरबा जिले के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इनमें दीपका निवासी विकेटकीपर जितेन्द्र कुमार साहू व सत्यम दुबे शामिल हैं। दोनों ही खिलाड़ी आगामी मेंस सीनियर एलीट ग्रुप मल्टीडे इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम के हेड कोच टी सुधींद्रा और मैनेजर अभिषेक जैन नियुक्त किए गए हैं। जितेन्द्र के भाई दुर्गेश साहू भी क्रिकेट खिलाड़ी हैं। वहीं, उनके पिता गिरिवर साहू एसईसीएल दीपका विस्तार परियोजना में सीनियर फीटर है। चयनित खिलाड़ियों से बेहतर खेल प्रदर्शन की उम्मीद जिले के सचिव बीबी साहू, टीम कोच अजय राय, मोहम्मद वसीम, तनवीर अहमद, जीत सिंह, जी. उदयन, एसडी तिवारी, सुजीत श्रीवास्तव, परमेश्वर साहू, पिंजू, जेडी प्रसाद, आशीष सिंह ने जताई है।

# कोरबा के 10 हजार युवाओं को मतदान से जोड़ने की है तैयारी

**कोरबा ।** सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए सबसे महत्वपूर्ण शक्ति युवाओं के पास है। इसी युवा शक्ति को जागरूक करने और मतदान के महत्व से जोड़ने भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता साक्षरता क्लब की अवधारणा पेश की है। इसी कड़ी में गुरुवार को केएन कॉलेज में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं को मतदान की शक्ति और देश के विकास में उनकी भूमिका के प्रति सजग किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, स्वीप के जिला नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिले में स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से 10,000 नए युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य है, जिसमें शिक्षण संस्थानों की भूमिका अग्रणी है। 22 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होना है। युवाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनका और उनके परिजनों का नाम सूची में शामिल है या नहीं। मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क करने के साथ-साथ मोबाइल ऐप के माध्यम से अपना नाम चेक कर सकते हैं।



# शुगर के बढ़ते प्रभाव को रोकने की जानकारी दी

**कोरबा।** स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ. एसएन केशरी के नेतृत्व में संबंधित विभाग ने यूनिसेफ और एकम फाउंडेशन के सहयोग से गैर संचारी रोग (एनसीडी) पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें 114 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को छत्तीसगढ़ में टाइप-1 डायबिटीज के बढ़ते प्रभाव, परामर्श तकनीक, सामुदायिक जागरूकता व इसके नैदानिक प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला में पेशेंट सपोर्ट ग्रुप और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की भूमिका के साथ-साथ रोगियों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के समक्ष चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य कर्मी किस तरह टाइप 1 डायबिटीज मरीजों और उनके परिवारों को सामाजिक, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और आर्थिक बोझ से निपटने प्रभावी परामर्श प्रदान कर सकते हैं।

# जांजगीर समेत पांच जिलों में 7 वारदातों को दिया था अंजाम

## अंतरराज्यीय लूट गिरोह का पर्दाफाश बिहार के दो आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**जांजगीर चांपा।** अंतरराज्यीय लूट और उठाईगिरी गिरोह का जांजगीर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। बिहार राज्य के कटिहार के आरोपी पुलिस के हत्थे चड़े हैं। गिरोह ने छत्तीसगड के 5 जिलों में 7 वारदात को अंजाम देकर 9 लाख 83 हजार को लूट और उठाईगिरी की थी। गिरोह के 4 सदस्यों में से 2 को बिलासपुर से पकड़ा गया है। वहीं अभी भी 2 सदस्य फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है।



शिवरीनारायण क्षेत्र के धरदेई में हुई 2.50 लाख की लूट की जांच में जुटी जांजगीर चाम्पा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतरराज्यीय लूट और उठाईगिरी गिरोह को पकड़ा है। धरदेई में 13 फरवरी को किसान से बाइक सवार लुटेरे नकदी ढाई लाख रुपए लेकर फरार हो गए थे। आरोपियों की धरपकड़ के लिए कई टीम बनाई गई। सायबर टीम द्वारा घटनास्थल से लगे सीसीटीव्ही आरोपियों के भागने के संभावित सभी रास्तों का बारीकी से अवलोकन किया गया। एक संदिग्ध बाइक घटना स्थल से निकलकर जांजगीर की ओर जाती दिखी। संदिग्ध बाइक का पता लगाने जांजगीर से बिलासपुर के मध्य लगे लगभग 150 से अधिक सीसीटव्ही फूटेज को चेक किए गए। इस दौरान संदेही का बिलासपुर तक आने जाने का पता चला। तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी बिहार राज्य के होने को जानकारी प्राप्त हुई। जांजगीर साइबर थाना टीम द्वारा बिलासुपर के होटल लाज धर्मशाला को चेक करने पर बिलासपुर पुराना बस स्टैण्ड के पास एक लाज में बिहार के रहने वाले लड़कों के ठहरने की जानकारी मिली। जानकारी पुख्ता करने सायबर टीम के द्वारा लाज के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का बारिकी से निरीक्षण किया गया। इस दौरान घटना में प्रयुक्त बाइक जिला अस्पताल बिलासपुर में खड़ी मिली। उसके बाद पुलिस टीम द्वारा लाज में ग्राहक बनकर कमरा देखने के बहाने चेक करने पर दो युवक लाज के एक कमरे में रूके मिले। दोनों को पकडकर पूछताछ करने पर पहले तो टालमटोल करने लगे लेकिन कडाई से पूछताछ करने पर 13 फरवरी को ग्राम धरदेई में लूट करना स्वीकार किया। पुलिस को पकड़ में आए दोनों आरोपियों ने छत्तीसगढ़ के रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर, सारंगढ़, जांजगीर चाम्पा जिले में 7 वारदात करना कबूल किया। इन प्रकरण में गिरोह ने कुल 9 लाख 83 हजार की लूट एवं उठाईगिरी की है।

गिरोह बिहार के कटिहार का है। गिरोह के 4 सदस्य में से 2 पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। जबकि सरगना समेत एक अन्य सदस्य फरार हैं। पुलिस ने नया टोला जोरावगंज थाना कोड़ा जिला कटिहार बिहार निवासी 36 वर्षीय दीपक यादव पिता जीवन यादव और 28 वर्षीय अविनाश उर्फ सनी कुमार यादव पिता रणजीत यादव को गिरफ्तार किया है।

**बुजुर्ग और महिलाओं को बनाते थे शिकार**

गिरोह द्वारा बैंकों के आसपास रेकी की जाती थी। बैंक में रकम निकालने और लोगों पर गीरोह के सदस्य नजर रखते थे। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि बैंक में अधिक रकम निकालने आए बुजुर्गों और महिलाओ को टारगेट करते थे। बैंक से पैसा लेकर जाने के दौरान पीछा कर मौका देखकर रास्ते में ही कोतवाली जिला सरगुजा से रकम लूट कर भाग जाते थे।

आरोपियो ने 4 दिसंबर 2025 को अंबिकापुर याना खरसिया क्षेत्र में 1 लाख रुपए 12 जनवरी 2006 को रायगढ़ थाना खरसिया क्षेत्र से 2 लाख रूपए ,13 जनवरी 2006 को थाना सरमद जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ क्षेत्र से 60 हजार रुपए, 18 जनवरी 2025 को याला गांधी कजर अंबिकापुर जिला सरगुजा से 88 हजार रुपये,13 फरवरी 2028 को जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र अंतर्गत धरदेई में 2 लाख 50 हजार रुपए और 16 फरवरी 2006 को जिला कोरबा थाना कटोरा क्षेत्र में 15 हजार की लूट करना स्वीकार किया।

# गांव में बनाया राखड़ पहाड़, पर्यावरण मंडल ने आरकेएम पर ठोका जुर्माना



**सक्ती ।** जिले के मसनियाखुर्द गांव में अवैध रुप से राखड़ डंप करने के. मामले में हुई जांच के उपरांत पर्यावरण मंडल ने आरकेएम पावर प्लांट पर जुर्माना ठोका है। साथ ही सुधार करने के आदेश भी दिए है। आदेश के मुताबिक आरकेएम प्रबंधन को प्रतिदिन 20 हजार रुपए के हिसाब से क्षतिपूर्ति की राशि देनी होगी।

ग्राम पंचायत मसानियाकला के आश्रित ग्राम मसानियाखुर्द में अवैध राखड़ डंपिंग की शिकायत पाए जाने पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनों के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही की गई है। कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा इस संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम को इस पर तत्काल एक्शन लेने के निर्देश दिए गए। जिसके तहत सक्ती एसडीएम श्री सोम द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से संपर्क कर नियमानुसार जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि उक्त स्थल पर भूमि तल से ऊपर स्तर तक फ्लाई ऐश का डंप किया गया, जबकि डंपिंग स्थल के चारों ओर बण्ड (घेरा) का निर्माण नहीं किया गया, डंप की गई फ्लाई ऐश का समतलीकरण नहीं किया गया तथा उसके ऊपर मिट्टी की परत नहीं बिछाई गई, डंपिंग स्थल के समीप स्थित अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम की बाउंड्रीवाल का कुछ हिस्सा राखड़ परिवहन के दौरान वाहन से क्षतिग्रस्त पाया गया, वर्षा जल निकासी की कोई व्यवस्था स्थल पर नहीं पाई गई। अत: जांच दल द्वारा यह पाया गया कि मेसर्स आरकेएम पॉवरजेन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया कार्य फ्लाई ऐश यूटिलाइजेशन के संबंध में जारीअनापत्ति प्रमाण पत्र की शर्तों तथा भारत सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना के प्रावधानों का उल्लंघन है।

अत: जांच दल द्वारा केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार पत्र जारी होने की तिथि से नियमानुसार कार्य पूर्ण होने तक उद्योग पर 20 हजार रुपये प्रतिदिन की दर से पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। साथ ही उद्योग प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि संबंधित भू-भराव स्थल पर नियमानुसार सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कर पूर्णता की सूचना कार्यालय को दें। निर्देशों का पालन नहीं करने की स्थिति में अधिरोपित पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि में वृद्धि की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उद्योग प्रबंधन की होगी। उक्त स्थल पर संबंधित उद्योग द्वारा तेजी से सुधारात्मक कार्यवाही की जा रही है।

## किसान से दिनदहाड़े 40 हजार की उठाईगीरी, नहीं मिला सुराग

**जांजगीर-चांपा।** जिला सहकारी बैंक जैजैपुर से 40 हजार रुपए निकालकर ले जा रहा किसान उठाईगिरी का शिकार हो गया। पुलिस अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है।

ज्ञात हो कि पीड़ित के अनुसार 18 फरवरी को सुबह लगभग 11 बजे वह अपने घर ग्राम ओड़ेकेरा से बाइक से जैजैपुर पहुंचा। दोपहर करीब 2 बजे बैंक से राशि निकालकर उसने नकद 40 हजार रुपए एवं पासबुक को एक छोटे थैले में रख लिया और घर लौटने लगा। घर लौटते समय वह जैजैपुर स्थित भगत: राम पेट्रोल पंप पर रुका। उसने अपनी मोटरसाइकिल को पंप के दो मशीनों के बीच खड़ा किया और रुपए से भरा थैला वाहन के हैंडल में लटका दिया। इसी दौरान वह अलग से लाए डिब्बे में पेट्रोल भरवा रहा था। तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक मौके पर पहुंचे और वाहन के हैंडल में लटका थैला लेकर फरार हो गए। पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी ने आरोपियों को थैला ले जाते देखा और तुरंत किसान को इसकी जानकारी दी। जब तक किसान वाहन के पास पहुंचता तब तक आरोपी मौके से भाग चुके थे। देर शाम तक जैजैपुर पुलिस एवं सक्ती के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और नगर के अलग-अलग स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुटे रहे।

# प्रगतिशील छत्तीसगढ़ प्रदर्शनी का सांसद कमलेश जांगड़े ने किया शुभारंभ

**जांजगीर चांपा ।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ प्रदर्शनी केंद्र और राज्य सरकार की योजना एवं कार्यक्रमों को जानने का नया अवसर उपलब्ध कराती है,पिछली बार सक्ती में हुई ये प्रदर्शनी इस बार लोकसभा मुख्यालय जांजगीर में किया गया है,जिससे जांजगीर-चांपा समेत छत्तीसगढ़ के विविध क्षेत्रो में नवाचार व निवेश के लिए प्रेरणा मिलेगी,ऐसा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने गुरुवार को कहा।जांजगीर के पुलिस परेड ग्राउंड में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े जी के नेतृत्व में दिल्ली के फ्रेंड्ज़ एक्जिबिशन एंड प्रमोशन की तरफ से आयोजित प्रगतिशील छत्तीसगढ़ प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम को सम्बोधित किया।इस प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में उनके साथ भारत सरकार के कोस्टल एक व्हाकल्चर अथोरीटी चेन्नई के सेक्रेटरी देव सेनापती, नगर पालिका अध्यक्ष रेखा गढवाल, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, उपाध्यक्ष मोहन यादव, जांजगीर के जिलाधीश, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पाण्डेय, भाजपा जिला जिला उपाध्यक्ष एंव सांसद प्रतिनिधि आशुतोष गोस्वामी, भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती नंदनी राजवाड़े, अमर सुल्तानिया, पार्षद अजित गढ़वाल, पलाश चंदेल, पंकज अग्रवाल, अमित यादव, सुनील कश्यप, मंडल अध्यक्ष धजाराम साहू, संजीता माली, अमरनाथ सोनी, योगेश अग्रवाल,



गणेश श्रीवास, सतीश शर्मा, रितेश मोनू अग्रवाल, सुशील सिंह, राजेश तिवारी, गोपाल मित्तल आदी मंचस्थ थे । इस समारोह में प्राचार्य मनोज पांडे, प्राचार्या कल्पना सिंह का भी सम्मान किया गया।इस बार भारत सरकार के कोस्टल एकव्हाकल्चर अथोरीटी चेन्नई के सेक्रेटरी देव सेनापती ने अपने भाषण में कहा कि,इस प्रदर्शनी में सरकार के अलग अलग सेक्टर के स्टॉल लगे हुए है. इससे जांजगीर निवासी नागरिकों को बहुत कुछ सिखने को मिलेगा, उन्होंने झींगा पालन को बढ़ावा देते हुए इस व्यवसाय को शुरू करने के लिए इस प्रदेश के नागरिकों से अपील की ताकि किसानों का आर्थिक स्तर ऊपर आ सके।

इस प्रदर्शनी मे जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के स्टॉल में बच्चो ने खुब जानकारी प्राप्त की,यहाँ पर रखा गया ढाई बिलियन साल पुराना डायनासोर का अंडा और दस हजार साल पुरानी इन्सानी खोपडी देखने भीड़ उमड़ी थी ।शुरूवात मे फ्रैंड्ज़ एक्जिबिशन की तरफ से प्रोजेक्ट हेड अखिला श्रीनिवासन और संचालक दीपक सिंग मेहता सभी अतिथियों का शाल,स्मृतिचिन्ह और बुके देकर स्वागत किया, ।जिला महिला बाल विकास की तरफ से इस प्रदर्शनी में विविध गांव की गर्भवती माताओं की गोदभराई और नवजात शिशु का अन्नप्राशन समारोह किया गया जिसमें सांसद कमलेश जांगड़े ने गर्भवती महिला और नवजात शिशु को अपने हाथों से खिलाया और उपहार देकर सन्मानित किया।

## 12वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जांजगीर।** जिले के लछनपुर गांव में 12वीं कक्षा की एक छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के लछनपुर गांव की है। जानकारी के अनुसार, छात्रा रजनी सूर्यवंशी 18 फरवरी को अपने कमरे में पंखे से लटकी हुई मिली। उसकी मां जब मजदूरी से घर लौटीं, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था।

कई बार आवाज देने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। संदेह होने पर उन्होंने खिड़की से झांककर देखा, जहां उनकी बेटी फंदे से लटकी नजर आई। परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा, लेकिन तब तक रजनी की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पंचनामा कार्रवाई की। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रजनी सूर्यवंशी किसी से ?किसी से वीडियो कॉल पर बात कर रही थी। हालांकि, आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## शिक्षक मोर्चा ने नवपदस्थ बीईओ का किया स्वागत

**जांजगीर।** शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने नवागढ़ विकासखंड के नवपदस्थ विकास खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पाटले का विकासखंड कार्यालय में बुके भेंटकर स्वागत किए,तथा विकासखंड में पदस्थापना पर प्रसन्नता व्यक्त किए।अधिकारी ने इस दौरान संगठन से अपेक्षित सहयोग के साथ शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की बात की।इस दौरान प्राचार्य बी.आर.रत्नाकर,शालेय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला,छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह,संयुक्त शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विकास सिंह,टीचर्स एसोसिएशन जिला सचिव डॉ.बोधी राम साहू,शरद राठौर,धनंजय शुक्ला,धनंजय श्रीवास,विश्वकांत शर्मा,दिनेश्वर शुक्ला,प्रमोद टंडन सहित पदाधिकारी शामिल रहे।



## लायंस क्लब चांपा द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

**चांपा।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 C की स्थानीय ईकाई लायंस क्लब चांपा के द्वारा 3 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम लायंस क्लब भवन में आयोजित किया गया जिसमें डॉ श्रीमती पल्लवी बिरथरे एम बी बी एस, बी सी एच मुंबई पूर्व चिकित्सक अपोलो अस्पताल एवं शिशु भवन बिलासपुर द्वारा परीक्षण कर उपचार की सलाह दी गई । इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी अधिवक्ता ने कहा कि ठंड का मौसम समाप्त होने तथा गर्मी का मौसम प्रारंभ होने उपरांत मौसम परिवर्तन के साथ ही खासकर बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है जिसे ध्यान में रखते हुवे शरीर एवं खाने पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है । लायंस क्लब अंतरराष्ट्रीय सेवा भावी संस्था है जिसके द्वारा समय समय पर आवश्यक अनुसार सेवा गतिविधि आयोजित किया जाता है, इसी क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें लगभग 300 बच्चे लाभान्वित हुवे ।

कार्यक्रम में लायंस हायर सेकंडरी स्कूल के चेयरमैन लायन रामप्रपन्न देवांगन, क्लब सचिव लायन राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन वासुदेव चंद देवांगन, लायन डॉ व्ही एन बिरथरे उपस्थित रहे जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। उक्त जानकारी सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने दी है।

## हर की ओर जाने वाली सड़क जर्जर जगह-जगह गड्ढों से राहगीर परेशान



**जांजगीर।** नहर से होते हुए सैनिक विहार कॉलोनी और चर्च की ओर जाने वाली मुख्य मार्ग की सड़क इन दिनों बेहद बदहाल स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढे बड़े होने के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं और कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि, यह सड़क क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी रास्ते से होकर वे कॉलोनी बाजार तक पहुंचते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को भी रोज इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है। - मोहन यादव

## चांपा में होली त्यौहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक संपन्न

**चांपा।** आगामी होली त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से चांपा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक एसडीओपी योगिता खापर्डे एवं थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक वैष्णव की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में नगर के जनप्रतिनिधि, विभिन्न समाजों के प्रमुख, व्यापार मंडल के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओपी योगिता खापर्डे ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है, जिसे सभी नागरिक मिलजुलकर शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी अशोक वैष्णव ने बताया कि होली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही तेज रफ्तार एवं लापरवाही से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की हुड़दंग से बचें। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने भी प्रशासन को सहयोग करने का आश्वासन दिया। अंत में सभी ने एक स्वर में शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं भाईचारे के साथ होली मनाने का संकल्प लिया।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर बैन

**जांजगीर।** जिले के सभी स्कूल और कॉलेज में परीक्षाओं के सुचारू संचालन और छात्रों की तैयारी में व्यवधान रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जन्मेजय महोबे ने आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक, बिना लिखित अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है।


**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ.(रा.) कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./अ-2/2025-2026
ग्राम उरगा प.ह.नं.-27
तहसील कोरबा जिला कोरबा छ.ग.

**// ईश्तहार//**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सीमा सोनी पति श्री सुरेन्द्र कुमार सोनी जाति सोनार (गैर आदिवासी) निवासी एल.आई.जी. 174, एम.पी. नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम उरगा प.ह.नं.27 तहसील कोरबा जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 1052/7 रकबा 0.016 हे. भूमि को छ.ग.भू.रा.सं. 1959 के अंतर्गत धारा 172 के अधीन आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने बी-1, खसरा, नक्शा, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, बिल्डिंग का साइड प्लान, गूगल मैप एवं शपथ पत्र सहित आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 27/02/2026 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील) सक्षम प्राधिकारी /अ.वि.अ.(रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)


# जिले के 75 केंद्रों में दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षा आज से

**जांजगीर-चांपा।** दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का दौर आज से प्रारंभ हो रहा है। पहले दिन शुक्रवार 20 फरवरी को बारहवीं बोर्ड की परीक्षा होगी। इसके बाद 10 वीं की परीक्षा में 14 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। वही एग्जाम को. लेकर जिले में 75 केंद्र बनाए गए हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा हर साल 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाती है। जानकारी के अनुसार दसवीं बोर्ड परीक्षा में इस साल 14 हजार 210 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 12 हजार 520 छात्र शामिल होंगे। 12वीं बोर्ड परीक्षा शुक्रवार 20 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। दोनों बोर्ड परीक्षा में करीब 26 हजार 730 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे, वहीं एग्जाम को लेकर जांजगीर चांपा जिले में 75 केंद्र भी बनाएं गए हैं। बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रमुख रूप से हिंदी, अंग्रेजी, गणित,



विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भौतिक, रसायन जीव विज्ञान, कला एवं कॉमर्स से जुड़े प्रमुख विषयों की परीक्षा आयोजित की जाती है। बोर्ड परीक्षा इस बार शुक्रवार 20 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। फरवरी महीने के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ होती है मार्च महीने के आखिरी सप्ताह तक चलता है। बोर्ड परीक्षा को लेकर केंद्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था एवं टेबल एवं बेंच की समुचित व्यवस्था भी की गई है। जिला मुख्यालय में अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं जिले अन्य अनुविभाग मुख्यालय की तहसील में अनुविभागीय दण्डाधिकारी तथा अनुविभाग मुख्यालय से भिन्न तहसील में तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट द्वारा दी जाएगी, लेकिन यह अनुमति किसी भी परिस्थितियों में रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे के बीच की अवधि के लिए नही दी जा सकेगी। बिना लिखित पूर्वानुमति के ध्वनि विस्तार यंत्रों का प्रयोग करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए।इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा का कहना है कि 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी हो चुकी है। इस साल 26 हजार से अधिक परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे, वहीं इसके लिए करीब 75 केंद्र भी बनाए गए हैं।

## गायों की लड़ाई में युवक के सिर में घुसा, बिलासपुर रेफर

**जांजगीर-चांपा।** जिले में एक युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। नवागढ़ के केरा-बर्रा मोड़ पर दो गायों की लड़ाई के दौरान मनीष कुमार (21) के सिर में गाय का सींग घुस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।



घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र की है। थाना प्रभारी कमलेश संडे से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम केरा निवासी मनीष कुमार देवांगन बुधवार को पंडित जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ में अपनी प्रैक्टिकल परीक्षा देने जा रहा था। इसी दौरान केरा-बर्रा मोड़ के पास सड़क पर दो गायें आपस में लड़ रही थीं। मनीष अपनी बाइक से वहां से गुजर रहा था, तभी उसकी बाइक लड़ रही गायों में से एक से टकरा गई। टक्कर से मनीष बाइक सहित सड़क पर गिर गया और उसका सिर एक गाय के सींग में जा घुसा। मौके पर ही वह लहूलुहान हो गया।

स्थानीय लोगों ने किसी तरह गायों को अलग किया और घायल मनीष को तत्काल सीएचसी अस्पताल नवागढ़ पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बिलासपुर रेफर कर दिया। मनीष का इलाज बिलासपुर में जारी है।

## अनमोल वचन......

जिंदगी हमें सिखाती है कि अगर शांति चाहिए तो दूसरों की शिकायत करने से बेहतर है खुद को बदल लो।

# भारत पर दोहरी मार

*डील के मुताबिक अमेरिका से आयातित कपास से जो वस्त्र बांग्लादेश में बनेगा, उस पर अमेरिका में शून्य आयात शुल्क लगेगा। इस तरह बांग्लादेश के उत्पादक अब भारतीय कपास के बजाय अमेरिकी कपास खरीदने के लिए प्रेरित होंगे। भारत में सरकार समर्थक लोग अभी ये जश्न मना ही रहे हैं कि ट्रेड डील के बाद भारत के वस्त्र जैसे श्रम-केंद्रित उद्योगों के उत्पादों को अमेरिकी बाजार में अनुकूल स्थितियां मिलेंगी, डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने बांग्लादेश को भारत के बड़े प्रतिस्पर्धी के रूप में खड़ा कर दिया है। अमेरिका से हुए ट्रेड डील के बाद बांग्लेदश के उत्पादों पर अब अमेरिका में 37 के बजाय 19 फीसदी टैरिफ ही लगेगा। वैसे टैरिफ के मामले में भारतीय उत्पादों को फिर भी एक फीसदी का लाभ है, लेकिन भारत को असल नुकसान डील के एक दूसरे प्रावधान से होगा। उसके मुताबिक अमेरिका से आयातित कपास से जो वस्त्र बांग्लादेश में बनेगा, उस पर शून्य आयात शुल्क लगेगा।*

*इस तरह बांग्लादेश के उत्पादक अब भारतीय कपास के बजाय अमेरिकी कपास खरीदने के लिए प्रेरित होंगे। इससे भारतीय कपास उत्पादकों का एक अहम बाजार छिन जाएगा। कुल मिलाकर डील में ऐसे प्रावधान हैं, जिससे बांग्लादेशी उत्पादक 70 फीसदी तक अमेरिकी इनपुट का इस्तेमाल कर सकेंगे। यानी डील से दोनों पक्षों को लाभ होगा। बांग्लादेश से अमेरिका को होने वाले निर्यात में 95 फीसदी हिस्सा कपड़े का रहा है। अतः ये डील बांग्लादेश के लिए संजीवनी बन कर आया है। भारत से टैरिफ में जो एक फीसदी अंतर है, उसे अमेरिकी आयातक और बांग्लादेशी उत्पादक आसानी से आपस में एडजस्ट कर सकेंगे।*

*इस तरह अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्त्र उत्पादकों के लिए बांग्लादेश मजबूत प्रतिस्पर्धी बन जाएगा। बांग्लादेश ने अमेरिका से गेहूं, सोयाबीन, मक्का, मोटर पाट-पुर्जे, मेडिकल उपकरण और विमान खरीदने का वादा भी किया है। लेकिन डील में भारत जैसी पांच साल में 500 बिलियन डॉलर की खरीदारी की कोई शर्त शामिल नहीं की गई है। तो बांग्लादेश कितनी खरीदारी करेगा, यह उसकी जरूरतों से तय होगा। यानी बांग्लादेश भारत की तुलना में अमेरिका से अपने लिए अधिक अनुकूल व्यापार समझौता करने में सफल रहा है। दूसरी तरफ इस डील का सर्वाधिक दुष्प्रभाव संभवतः भारत पर ही पड़ेगा, क्योंकि अब तक बांग्लादेश भारत के गेहूं, सोयाबीन, मक्का, मोटर पाट-पुर्जे, और मेडिकल उपकरण का भी बड़ा खरीदार रहा है। स्पष्टतः ये डील भारत पर दोहरी मार है।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बाते शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भाति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता आपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगे।

**मिथुन राशि :** आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यों से राहत मिलेगी। आज का आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा। शाम का समय भाई बहनों के साथ हंसी-मजाक में बीतेगा।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। समय का सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें ग़ौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी मिलने की संभावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं उन्हे पुराने किये गये कार्यों में वाह-वाही मिलेगी।

**कन्या राशि :** आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता निकाल लेंगे। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित चिंता दूर होगी।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आपकी इच्छा शक्ति मजबूत बनी रहेगी। आज आपको अपने अन्दर इगो लेन से बचना होगा। जो बातें आपको बेहतर बनाती हैं, केवल उन पर ध्यान दें और सकारात्मक सोच रखें।

**धनु राशि :** आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी, आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है, मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जायेंगे जहां आपके अन्य दोस्त भी होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रु पक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे।

**मीन राशि :** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज नकारात्मक विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज गुस्से को नियंत्रित करने की कोशिश करें। आज आपको काम की जगह नए अवसर मिलेंगे।

# यूजीसी का नियम सामाजिक विद्वेष बढ़ाने वाला

//अजीत द्विवेदी//

**राजनीति में कुछ भी अनायास या अनियोजित नहीं होता है और अगर आपको लगे कि कुछ अनायास हो रहा है या अनप्लांड हो रहा है तो समझना चाहिए कि उसे उसी तरह से प्लान किया गया है। यानी उसकी योजना ऐसी बनी है कि वह अनप्लांड लगे। यह बात अमेरिका के एक राष्ट्रपति ने कही थी। पूरी दुनिया की राजनीति पर यह बात समान रूप से लागू होती है। तभी प्रयागराज में शंकराचार्य को लेकर जो कुछ हो रहा है और उसके बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी का जो नया नियम लाया गया हैं उसे अनायास हुए नहीं मानना चाहिए। सरकार ने किसी योजना के तहत यूजीसी के नए नियम लागू किए हैं। उसने सामान्य वर्ग को अलग थलग करने और उसे उत्पीड़क साबित करने का जो नियम बनाया है वह संयोग नहीं है, बल्कि किसी प्रयोग का हिस्सा है।**

इस समय पूरे देश में यूजीसी की ओर से लाए गए समानता के नए नियम पर विवाद हो रहा है। यूजीपी ने प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीच्यूट रेगुलेशन 2026 के नाम से नए नियम जारी किए हैं। इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव खत्म करना बताया गया है। इस तरह का एक नियम 2012 में बना था, जो पहले से उपलब्ध था। उसमें कुछ बदलाव करके उसे नए रूप में प्रस्तुत किया गया है। 2012 के नियम में सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति यानी एससी और एसटी को उत्पीड़न से बचाने का प्रावधान किया गया था। अब उसमें अन्य पिछड़ी जातियों यानी ओबीसी को भी जोड़ दिया गया है। साथ ही महिलाएं और दिव्यांगजनों को भी शामिल किया गया है। महिलाओं और दिव्यांगों में हर वर्ग के छात्र शामिल होंगे।

इसका मतलब है कि सामान्य वर्ग के एक छोटे से समूह को पहले से ही अत्याचारी या उत्पीड़क मान कर बाकी लोगों को उससे बचाने का प्रावधान किया गया है। 2012 के कानून में भेदभाव या उत्पीड़न की फर्जी शिकायत करने पर कार्रवाई का प्रावधान था, जिसे नए नियमों में हटा दिया गया है। यानी एससी, एसटी, ओबीसी, महिला और दिव्यांग अगर चाहें तो किसी भी सामान्य वर्ग के छात्र के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज करा सकते हैं और शिकायत गलत पाए जाने पर उनके खिलाफ किसी तरह की दंडात्मक कार्रवाई नहीं हो सकती है। हर संस्थान में इक्विटी कमेटी और इक्विटी स्क्वॉयड बनाने का प्रावधान किया गया है, जिसमें बदलाव करके यह नियम बनाया गया है कि इसमें सामान्य वर्ग के किसी व्यक्ति को रखना अनिवार्य नहीं होगा।सोचें, क्या इससे भी ज्यादा भेदभाव या असमानता की कोई व्यवस्था हो सकती है? इसमें एक समूह को पहले से अपराधी मान कर उसे सजा के योग्य ठहरा दिया गया है। यह सामाजिक विद्वेष बढ़ाने वाला नियम है, जो कानून विरूद्ध है और संविधान विरूद्ध है। यह प्राकृतिक न्याय के मूल सिद्धांत के भी विरूद्ध है। भारत सरकार ने जब अंग्रेजों के जमाने की भारतीय दंड संहिता समाप्त की और उसकी जगह भारतीय न्याय संहिता लागू की तो कहा कि अंग्रेजों ने दंड का प्रावधान किया था लेकिन अब सरकार न्याय की व्यवस्था ले आई है।

क्या यही न्याय की व्यवस्था है कि आप एक समूह को पहले से अपराधी मान लेंगे। सवाल है कि आरोप लगाए जाने और दोष सिद्ध होने से पहले किसी को अपराधी कैसे माना जा सकता है। भारत में न्याय की व्यवस्था महर्षि याज्ञवल्क्य के समय बनी, जिसमें वाचस्पति ने नव्य न्याय की धारणा जोड़ी। इसके मुताबिक दोष सिद्धि से पहले किसी को अपराधी नहीं माना जा सकता है। संविधान का अनुच्छेद 14 और 15 कानून के समक्ष सबकी समानता और धर्म, जाति, नस्ल, लिंग, क्षेत्र आदि के आधार पर किसी किस्म के भेदभाव को निरस्त करता है। लेकिन यहां भारत सरकार ने जाति के आधार पर एक समूह को पहले ही अपराधी मान लिया है। किसी सभ्य समाज में ऐसी व्यवस्था की कल्पना भी कैसे की जा सकती है। इसी तरह का एक बिल मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार भी ले आई थी। कम्युनल वायलेंस बिल की मूल अवधारणा हिंदू को दंगाई मानने की थी। ऐसा कानून बन रहा था, जिसके मुताबिक कही भी दंगा होगा तो हिंदू को दोषी माना जाएगा। ठीक उसी तरह का नियम सरकार ले आई है, जिसके मुताबिक किसी भी शिक्षण संस्थान में अगर भेदभाव होता है या उत्पीड़न की घटना होती है तो सामान्य वर्ग के छात्र या शिक्षक को उसका दोषी माना जाएगा। एससी, एसटी, ओबीसी, महिला और दिव्यांग कभी भी आरोपी या दोषी नहीं बनाए जाएंगे। अब जरा इसके व्यावहारिक पक्ष की कल्पना करें। किसी भी शिक्षण संस्थान में जाने वाले सामान्य वर्ग के छात्र के ऊपर कितना मानसिक दबाव होगा। वह हर समय इस आशंका में रहेगा कि उपरोक्त पांच समूहों का कोई छात्र उसके खिलाफ शिकायत कर सकता है और उसका करियर समाप्त कर सकता है। क्या सरकार कथित ऐतिहासिक गलतियों को दुरुस्त करने के लिए रिवर्स डिस्क्रिमिनेशन के जरिए सामान्य वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा से दूर करना चाहती है।

सरकार ने यह काम ऐसे समय में किया है, जब सामाजिक स्तर पर असमानता कम हो रही है, समाज ज्यादा समरस बन रहा है और सत्तारूढ़ दल खुद ही व्यापक हिंदू एकता के लिए काम कर रहा है। दूसरी ओर आर्थिक स्तर पर असमानता बढ़ रही है। सरकार का यह नियम विभिन्न जातियों और समाजों के बीच वैमनस्य और भेदभाव बनाने वाला प्रतीत होता है। अगर इसके राजनीतिक पहलुओं को देखें तो क्या भारतीय जनता पार्टी और उसकी केंद्र सरकार को लग रहा है कि वह सामान्य वर्ग को अलग थलग करके या उसके प्रति द्वेष दिखा कर एससी, एसटी और ओबीसी के बड़े जातीय समूह को अपने साथ करे लेगी और इससे उसे चुनावी जीत का स्थायी फॉर्मूला मिल जाएगा। क्या वह कांग्रेस और प्रादेशिक पार्टियों की बहुजन राजनीति के जवाब के तौर पर यह नियम लेकर आई है। ऐसा होना नहीं चाहिए क्योंकि भाजपा के नेता अर्थव्यस्था, कूटनीति, प्रौद्योगिकी आदि समझें न समझें राजनीति बखूबी समझते हैं। उनके पता होता है कि किस बात से चुनावी नुकसान होगा और किस बात से फायदा होगा। तभी हैरानी हो रही है कि राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाने वाला इतना बड़ा कदम इस सरकार ने कैसे उठाया।

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने देश के अल्पसंख्यकों को पहले ही अपने से अलग कर दिया है। उत्तर प्रदेश में खुल कर 80 और 20 की लड़ाई बताई जाती है। लेकिन यह विभाजन राष्ट्रीय स्तर पर भी है। भाजपा ने 20 फीसदी अल्पसंख्यकों को अपने से अलग मान लिया है। उसे 80 फीसदी हिंदुओं की राजनीति करनी है। अब क्या वह इस 80 फीसदी के समूह को और छोटा करने की जोखिम ले सकती है। क्या इसमें से 15 फीसदी सामान्य वर्ग बाहर हो जाए तो भाजपा 65 फीसदी के वोट की राजनीति करके चुनाव जीत सकती है। ध्यान रहे सामाजिक स्तर पर एससी और एसटी का टकराव ओबीसी के साथ ज्यादा है।

एससी, एसटी उत्पीड़न कानून के तहत 80 से 90 फीसदी मामलों में आरोपी पिछड़ी जातियों के हैं। इस कानून के दुरुपयोग के अनगिनत मामले सामने आ चुके हैं और अदालतों ने इस पर अनेक बार टिप्पणियां की हैं। लेकिन शिक्षण संस्थान में ओबीसी को भी एससी और एसटी के साथ ही उत्पीड़न के शिकार वर्ग में शामिल किया जा रहा है। क्या इससे तीनों समूहों के बीच समाज में भी समरसता स्थापित हो जाएगी? इसमें संदेह है लेकिन इससे एससी, एसटी व ओबीसी के साथ सामान्य वर्ग के संबंधों में तनाव जरूर बढ़ जाएगा। क्या सरकार यह तनाव बढ़ाना चाहती है। अगर राज्यवार देखेंगे तो भाजपा को राजनीतिक नुकसान की संभावना और ज्यादा दिखेगी। मिसाल के तौर पर झारखंड में मुस्लिम, ईसाई और आदिवासी भाजपा के खिलाफ हैं। अगर सामान्य वर्ग भी खिलाफ हुआ तो भाजपा के पास क्या बचेगा। उत्तर प्रदेश में 80 और 20 की लड़ाई है। 80 में से 10 फीसदी यादव को पहले ही भाजपा ने अलग कर दिया है। अगर बचे हुए 70 फीसदी में से 20 से 25 फीसदी सामान्य वर्ग के लोग अलग हुए तो भाजपा के पास क्या बचेगा राजनीति करने को भाजपा के नेता इतने नासमझ तो नहीं हैं कि वे यह मानने लगें कि शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी के साथ ओबीसी को भी शोषित वर्ग में शामिल कर देने से उत्तर प्रदेश और बिहार में यादव भाजपा को वोट देने लगेंगे। दो तीन राज्यों के उदाहरण का विस्तार पूरे देश में किया जा सकता है। सो, कुल मिला कर यूजीसी का यह नियम सामाजिक विद्वेष बढ़ाने वाला और समानता की भावना के विपरीत तो है ही साथ ही भाजपा को बड़ा राजनीतिक नुकसान पहुंचाने वाला भी हो सकता है। कहीं ऐसा न हो कि चौबे जी छब्बे जी बनने चलें और दुबे जी बन कर रह जाएं।

# छत्तीसगढ़ मे आदिवासी नेतृत्व गढ़ रहा है विकास के नए सोपान

//छगन लाल लोन्हारे//

**छत्तीसगढ़ की खूबसूरत वादियों में स्थित जशपुर जिला के ग्राम बगिया में 21 फरवरी को जन्म लेने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सज्जनता और सहृदयता की एक मिसाल है। दो वर्ष के अपने मुख्यमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ राज्य में विकास का एक नया आयाम गढ़ने वाले तथा प्रदेश के नागरिकों के दिलों में राज करने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज अपनी लोकप्रियता के शिखर पर विद्यमान है। विष्णुदेव साय जनता के बीच के एक ऐसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं जिनकी सदाशयता और दूरगामी योजनाओं से प्रदेश में विकास और प्रगति का राह आसान हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आदिवासी पृष्ठभूमि से आते हैं।**



केबिनेट बैठक में राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होली त्यौहार से पहले एकमुश्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं एक किसान पुत्र हैं वे किसानों की पीड़ा को भलीभांति जानते हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से की की गई है, जो देश में सर्वाधिक है। बीते दो वर्षों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पूर्व किसानों को 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रूपए हो जाएगी। किसान हितैशी सरकार के इस निर्णय से बाजार भी गुलजार होंगे, जिससे शहरी अर्थव्यवस्था पर सीधा असर दिखाई देगा, ट्रैक्टर आदि की बिक्री में वृद्धि होगी।

प्रदेश की नवीन औद्योगिक नीति से राज्य में अब तक 7 लाख 83 हजार करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अपने दो साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की जनता के बीच जाकर जनता का न केवल विश्वास जीता है बल्कि उनके हित को ध्यान में रखकर उन्होंने ऐसी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है जिससे छत्तीसगढ़ का समग्र विकास सम्भव हो पाया है। यह केवल और केवल विष्णुदेव साय जैसे एक संवेदनशील, कर्मठ तथा ऊर्जावान मुख्यमंत्री ही सम्भव कर सकते हैं। विष्णु देव की सुशासन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2026 को महतारी गौरव वर्ष घोषित किया गया है। राज्य सरकार ने मातृशक्ति का सम्मान करते हुए 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रूपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। प्रदेश के 42 हजार 878 महिला स्व- सहायता समूहों को आसान ऋण से अब तक 129.46 करोड़ रूपए का लाभ दिया गया है। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के अंतर्गत 4.81 लाख महिलाओं को 237 करोड़ रूपए की सहायता राशि दी गई है। राज्य की 19 लाख से अधिक महिलाओं को पूरक पोषण आहार सुनिश्चित की गई है। महिला सुरक्षा के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन 181 की स्थापना की गई है। महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर 52.20 करोड़ की लागत से 179 महतारी सदनों का निर्माण कराया जा रहा है। महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री हेतु 200 करोड़ की लागत से नवा रायपुर में यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री की पहल पर दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 5.62 लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

राज्य सरकार द्वारा आवास और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रख कर अब तक 26 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति किए गए हैं। स्वच्छ पेयजल सबका अधिकार है। प्रदेश के 41 लाख से अधिक घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति के लिए राज्य में 77 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है। 70 समूह जल प्रदाय योजनाओं से प्रदेश के 3208 गांव लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अलावा राज्य के शत्-प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार में रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना के साथ रेल नेटवर्क मैप से बस्तर जुड़ रहा है। जगदलपुर-विशाखापट्नम और रायपुर-विशाखापट्नम नई सड़क परियोजनाओं से विकास की नई राहें खुल रही है। प्रदेश के 32 नगरीय निकायों में नॉलेज बेस्ड सोसाइटी हेतु लाइट हाउस निर्माण की पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने प्रदेश के हर वर्ग की बुनियादी सुविधाओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पीएम आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, नियद नेल्ला नार, अखरा निर्माण योजना जैसी योजनाओं का शुभारम्भ किया है और जनता के बीच अपनी एक अलग छवि निर्मित की है।

मुख्यमंत्री साय जनता के बीच और हर समुदाय के बीच एक ऐसा पुल बनाना जानते हैं जिससे सभी एक दूसरे से जुड़ सके और सभी प्रदेश के हित में अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह भी कर सके। उन्होंने अपने जीवन का बहुमूल्य समय पद्रेश की जनता को समर्पित कर यह सिद्ध कर दिया है कि उनका जीवन केवल उनका नहीं है अपितु प्रदेश की जनता की निः स्वार्थ सेवा के लिए समर्पित है। वे सही मायने में एक ऐसे जननेता हैं जिनके लिए जनता ही सब कुछ हैं। ऐसे सेवाभावी और लोकप्रिय जनसेवक बहुत कम होते हैं जिनके लिए जनता का विकास और जनता का साथ ही सबसे महत्वपूर्ण होता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अब तक का कार्यकाल इस बात का प्रमाण है कि यदि नेतृत्व ईमानदार, समर्पित और जनता की आकांक्षाओं से जुड़ा हो तो विकास की राह कठिन नहीं होगी।

## तस्वीरों की दुनिया



निरंजनी पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरिजी महाराज अपने रायपुर प्रवास के दौरान सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल के निवास पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने सांसद अग्रवाल एवं उनके परिवार से आत्मीय भेंट कर उन्हें अपना पावन आशीर्वाद प्रदान किया।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित नव नियुक्त खनि निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।




केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, नई दिल्ली में 'एक दिन में एक पौधा' पहल कार्यक्रम के पांच साल पूरे होने पर मीडिया से बातचीत करते हुए।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के मौके पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की।




केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक्सरसाइज मिलन के उद्घाटन के दौरान 74 देशों के नेवी चीफ और हेड्स ऑफ डेलीगेशन को संबोधित किया।



आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक्सरसाइज मिलन के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वाइस एडमिरल संजय भल्ला।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के मौके पर नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ से मुलाकात की।

# गाजा के पुनर्निर्माण का मेगा प्लान, ट्रंप ने बोर्ड ऑफ पीस में किया 7 अरब डॉलर जुटाने का ऐलान



**वाशिंगटन, 20 फरवरी [एजेंसी]।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाशिंगटन में अपने नवनिर्मित बोर्ड ऑफ पीस की पहली बैठक को संबोधित करते हुए गाजा के लिए बड़े आर्थिक और सुरक्षा रोडमैप की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि गाजा पुनर्निर्माण के लिए अब तक सात अरब डॉलर जुटाए जा चुके हैं।उन्होंने यह भी घोषणा की कि अमेरिका इस बोर्ड के लिए 10 अरब डालर का योगदान देगा। इसके अतिरिक्त, संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता के लिए दो अरब डॉलर देगा, जबकि फीफा फुटबाल से जुड़ी परियोजनाओं के लिए 7.5 करोड़ डॉलर खर्च करेगा। आईएसएफ में अपनी सेना भेजेंगे पांच देश गाजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक इंटरनेशनल स्टेबलाइजेशन फोर्स की योजना तैयार की गई है। फोर्स के कमांडर मेजर जनरल जैस्पर जेफर्स ने पुष्टि की कि इंडोनेशिया, मोरक्को, कजाकिस्तान, कोसोवो और अल्बानिया ने अपने सैनिक भेजने की प्रतिबद्धता जताई है।शुरुआती चरण में यह बल दक्षिणी गाजा के राफा में तैनात होगा। मिस्त्र और जार्डन स्थानीय पुलिस को प्रशिक्षित करेंगे। भविष्य में 20 हजार अंतरराष्ट्रीय सैनिक और 12 हजार प्रशिक्षित पुलिसकर्मी तैनात करने का लक्ष्य है। हालांकि, सबसे बड़ी चुनौती हमास का निशस्त्रीकरण है। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि पुनर्निर्माण कार्य हमास के हथियार डालने के बाद ही गति पकड़ेगा। इस बैठक में एक विवादास्पद पहलू यह रहा कि बोर्ड में फलस्तीनी प्रतिनिधियों को शामिल नहीं किया गया है। इसके बावजूद, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इस पहल को अंतिम विकल्प बतायारुबियो ने कहा, गाजा के लिए हमारे पास कोई प्लान-बी नहीं है। प्लान-बी का मतलब है फिर से युद्ध की ओर लौटना, और यहां कोई भी ऐसा नहीं चाहता। यह बोर्ड अब केवल गाजा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ट्रंप की योजना के अनुसार इसे भविष्य में वैश्विक संघर्षों को सुलझाने के लिए विस्तारित किया जाएगा।

## भाजपा सरकारों ने जबरन नौ एआई वीडियो डिलीट कराए कांग्रेस बोली- आवाज को दबाने की कोशिश हो रही



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को दावा किया कि केंद्र और राज्यों में भाजपा सरकारों ने उसके नौ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वीडियो जबरन डिलीट करवा दिए। पार्टी ने इसे नियमों का दुरुपयोग और असहमति की आवाज को दबाने की कोशिश बताया है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को असहमति की आवाज को दबाने के बजाय देश के हित में काम करना चाहिए। सरकार या भाजपा की ओर से कांग्रेस के आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। कांग्रेस की इंटरनेट मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने भारत की एआई क्षमता को दबाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। नरेंद्र मोदी वास्तव में एआई से डरते हैं। उन्होंने दावा किया कि इन एआई वीडियो के कुछ हटाने के आदेश बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे भाजपा -शासित राज्यों में पुलिस द्वारा इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों को भेजे गए, जबकि कुछ सीधे केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के तहत इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से आए।

### नेपाल में फिर विद्रोह की आहट

## युवाओं के असंतोष पर पीएम सुशीला कार्की की कड़ी चेतावनी



**काठमांडू।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने चेतावनी दी कि युवाओं के असंतोष को नजरअंदाज करने से एक और विद्रोह भड़क सकता है। पिछले साल 12 सितंबर को अंतरिम प्रधानमंत्री बनीं कार्की ने कहा कि कोई भी राष्ट्र युवाओं को नजरअंदाज करके प्रगति नहीं कर सकता है। गुरुवार को काठमांडू में नेपाली सेना के पवेलियन में 76वें लोकतंत्र दिवस समारोह के दौरान कार्की ने कहा कि लोकतंत्र को परिणाम देना चाहिए, नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए और जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए।

पिछले साल सितंबर में जेन जी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों का उल्लेख करते हुए, जिसने केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंका। कार्की ने कहा, उस आंदोलन ने भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और भेदभाव के अंत की मांग की। इसने अच्छे शासन और समान न्याय की मांग की।उन्होंने कहा, राज्य को इस पर न केवल उदारता से बल्कि विनम्रता और गहरी जिम्मेदारी के साथ प्रतिक्रिया देनी चाहिए।उन्होंने चेतावनी दी कि युवाओं के असंतोष को नजरअंदाज करने से एक और विद्रोह भड़क सकता है। युवाओं में ऊर्जा, परिवर्तन की आकांक्षा और नैतिक क्रोध है।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले BJP को झटका, विधायक विष्णु प्रसाद शर्मा TMC में शामिल



**कोलकाता, 20 फरवरी [एजेंसी]।**

बंगाल में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले उत्तर बंगाल के कर्सियांग से भाजपा विधायक विष्णु प्रसाद शर्मा ने पार्टी छोड़कर गुरुवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया। बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु और महिला व शिशु कल्याण मंत्री डा शशि पांजा की मौजूदगी में कोलकाता में तृणमूल भवन में उन्होंने पार्टी का थामा झंडा। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर पहली बार विधायक निर्वाचित होने वाले शर्मा काफी समय से पार्टी से नाराज चल रहे थे। दार्जिलिंग के भाजपा सांसद राजू बिष्ट के खिलाफ 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव तक लड़ा था।

राजू बिष्ट को बाहरी बताकर वे लगातार उनका विरोध कर रहे थे। लोकसभा चुनाव में शर्मा की जमानत तक जब्त हो गई थी। शर्मा अलग गोरखालैंड राज्य की भी लगातार मांग करते रहे हैं। शर्मा ने बार-बार अलग गोरखालैंड राज्य की मांग का समर्थन किया था और तर्क दिया था कि दार्जिलिंग हिल्स पर ध्यान देने और विकास की जरूरत है। उन्होंने बार-बार बीजेपी से नाराजगी जताई थी और दावा किया था कि क्षेत्रीय उम्मीदों को पूरा करने के आश्वासन के बावजूद पार्टी जमीन पर काम करने में नाकाम रही है। विधानसभा में बीजेपी के चीफ व्हिप, शंकर घोष ने कहा कि शर्मा का अपने चुनाव क्षेत्र में कोई सपोर्ट बेस नहीं है और वह लंबे समय से पार्टी के संपर्क में नहीं थे।294 सदस्यों वाली पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव अगले दो महीनों में होने की उम्मीद है और मौजूदा सदन का कार्यकाल मई में खत्म हो रहा है।

## असम मतदाता सूची के एसआईआर के लिए याचिका पर विचार से इनकार, सीजेआई बोले- अब कुछ भी शेष नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें चुनाव आयोग से असम में चुनावी मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) कराने का निर्देश मांगा गया था। सीजेआइ ने कहा, अब कुछ भी शेष नहीं है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जायमाल्य बागची तथा विपुल एम. पंचोली की पीठ ने गुरुवार को चुनाव आयोग की उस दलील पर ध्यान दिया कि असम में अंतिम मतदाता सूची पहले ही तैयार की जा चुकी है और याचिका अब अप्रासंगिक हो गई है। मृणाल कुमार चौधरी की दायर की गई जनहित याचिका ने चुनाव आयोग के उस निर्णय को चुनौती दी, जिसमें असम में अन्य राज्यों की तुलना में सामान्य विशेष संशोधन करने का निर्णय लिया गया था। कार्यवाही के दौरान याचिकाकर्ता के लिए उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने कहा कि राज्य को मतदाता सूची की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए एक गहन संशोधन की आवश्यकता है। हालांकि, चुनाव आयोग का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस.नायडू ने पीठ को सूचित किया कि असम के लिए अंतिम मतदाता सूची पहले ही 10 फरवरी को प्रकाशित की जा चुकी है।

पीठ ने इस मामले की संवेदनशीलता पर जोर दिया, यह बताते हुए कि वर्तमान विधायी और न्यायिक ढांचे के तहत चुनाव आयोग को मनमाने तरीके से व्यक्तियों को विदेशी घोषित करने का अधिकार नहीं है, क्योंकि ऐसे निर्धारणों के लिए वैधानिक कट-ऑफ तिथियां और विशेष न्यायाधिकरण होते हैं। सीजेआई ने हंसारिया से कहा, आपको बहुत संवेदनशील और सतर्क रहना होगा। यह याचिका चुनाव आयोग के 17 नवंबर 2025 के ज्ञापन को रद करने का निर्देश मांगती है, जिसमें असम में एसआईआर के बजाय विशेष संशोधन का आदेश दिया गया था।

## कराची में सिलेंडर ब्लास्ट के बाद ढही तीन मंजिला इमारत, 16 लोगों की मौत, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**कराची, 20 फरवरी [एजेंसी]।**



कराची के सोल्जर बाजार इलाके में बड़ा हादसा हो गया। यहां एक रिहायशी बिल्डिंग में सिलेंडर ब्लास्ट की वजह तीन मंजिला ईमारत ढह गई। जिसमें महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। घायलों को सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। पाकिस्तानी न्यूज वेबसाइट डॉन के मुताबिक, ASP जमशेद अशर ने बताया कि घटना सुबह करीब 4.15 बजे सेहरी के समय हुई। जब बिल्डिंग की पहली मंजिल पर सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। रेस्क्यू टीम के एक अधिकारी के मुताबिक सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, जिसमें एक अर्बन सर्च और रेस्क्यू टीम और एक डिजास्टर रिस्पॉन्स गाड़ी मौके पर मौजूद है। रेस्क्यू 1122 के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डॉ. आबिद जलालुद्दीन शेख ने भी कन्फर्म किया कि सिलेंडर ब्लास्ट की वजह से ईमारत गिरी। उन्होंने बताया कि जगह कम होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन मुश्किल हो गया था।रिपोर्ट्स के मुताबिक जिस बिल्डिंग में हादसा हुआ वह अवैध तरीके से बनाई गई थी। इसका स्ट्रक्चर ठीक से नहीं बना था। बिल्डिंग के गिरने से आस-पास के इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है।इस हादसे में मरने वालों में आठ नाबालिग, चार महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। जिनकी उम्र दो से 60 साल के बीच है। घायलों में सात नाबालिग शामिल हैं। CM ने नोटिस लिया; कुछ समय के लिए पुनर्वास का आदेश दिया गयासिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने घटना पर घटना पर दुख जताया, CM हाउस की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, मलबे में फंसे लोगों को तुरंत बचाने और पीड़ितों को सबसे अच्छी मेडिकल मदद देने का निर्देश दिया।

## अयोध्या में फर्जी एसटीएफ अधिकारी गिरफ्तार कोलकाता के व्यापारी के साथ की थी 4 लाख की ठगी



**अयोध्या , 20 फरवरी [एजेंसी]।**

जमीन दिलाने के नाम पर साझेदारों की ओर से ठगे गए कोलकाता के एक व्यापारी को रुपये वापस दिलाने को लेकर फर्जी एसटीएफ अधिकारी ने भी ठग लिया। व्यापारी के शासन और प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत करने के बाद मामले की जांच हुई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने फर्जी एसटीएफ अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए फर्जी अधिकारी का नाम अजय सिंह है, जो सुल्तानपुर जिले के अखंडनगर, अलीपुर उमरी का रहने वाला है। कोलकाता के आर-1021-ए, जोगी वाई निवासी व्यवसायी राकेश जायसवाल, अयोध्या में श्री प्रसादम नामक प्रतिष्ठान का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके साझेदार सूर्यांश चतुर्वेदी और अनुराग द्विवेदी ने मिलकर जमीन दिलाने के नाम पर उनसे करीब 17 लाख रुपये ठग लिए हैं। इसी रुपये को वापस दिलाने के लिए फर्जी एसटीएफ अधिकारी अजय सिंह ने चार लाख रुपये लिए थे। उनके साझेदारों ने भी रुपये वापस नहीं किया और अजय सिंह ने भी रुपये हड़प लिया। व्यापारी के साझेदारों में अनुराग की मौत हो चुकी है। कोतवाल अयोध्या पंकज सिंह ने बताया कि फर्जी एसटीएफ अधिकारी बनकर ठगी करने वाले आरोपित अजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।उसके पास से एसटीएफ की फर्जी आईडी भी मिली है। मामले की जांच की जा रही है। अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## बिहार विधानसभा स्पीकर समेत 42 विधायकों को HC का नोटिस, चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देने का आरोप

**पटना, 20 फरवरी [एजेंसी]।**




बिहार की राजनीति में बड़ा कानूनी घटनाक्रम सामने आया है। Patna High Court ने पक्ष और विपक्ष के 42 विधायकों को नोटिस जारी किया है। इनमें विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार भी शामिल हैं। अदालत ने चुनावी हलफनामे में कथित गलत जानकारी और अनियमितता के आरोपों पर जवाब मांगा है। मामले को गंभीर मानते हुए कोर्ट ने निर्धारित समय में स्पष्टीकरण दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस फैसले से राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार, संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव हारने वाले प्रत्याशियों ने याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि विजयी उम्मीदवारों ने नामांकन के दौरान शपथपत्र में तथ्य छिपाए।कुछ मामलों में वोटिंग प्रक्रिया में अनियमितता का भी आरोप लगाया गया है। इन्हीं आरोपों के आधार पर हाईकोर्ट में चुनाव याचिकाएं दायर की गईं। प्रारंभिक सुनवाई के बाद अदालत ने सभी विधायकों को नोटिस जारी किया। अब कोर्ट में दाखिल जवाब और दस्तावेजों के आधार पर आगे की सुनवाई होगी।

नोटिस पाने वालों में ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव का नाम भी शामिल है। पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा और विधायक चेतन आनंद को भी जवाब देना होगा। गोह से Rashtriya Janata Dal विधायक अमरेंद्र प्रसाद का नाम भी सूची में है।सूत्रों के अनुसार नोटिस पाने वालों में सत्ता और विपक्ष दोनों खेमों के विधायक शामिल हैं। इससे यह स्पष्ट है कि मामला दलगत राजनीति से परे कानूनी दायरे में है। अगली सुनवाई में इन सभी के जवाबों पर न्यायालय विचार करेगा। हाईकोर्ट की इस कार्रवाई को चुनावी पारदर्शिता के लिहाज से अहम माना जा रहा है। यदि आरोप सिद्ध होते हैं तो संबंधित विधायकों की सदस्यता पर भी असर पड़ सकता है। हालांकि, अभी मामला विचाराधीन है और अंतिम निर्णय आना बाकी है। विधायकों को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया गया है। इस घटनाक्रम से विधानसभा के भीतर और बाहर राजनीतिक बयानबाजी तेज होने की संभावना है।अब सबकी नजरें अगली सुनवाई और अदालत के रुख पर टिकी हैं।

## महाप्रभु श्रीजगन्नाथ भूमि सुरक्षा हेतु नया उपविभाग गठित, अवैध कब्जों पर होगी अब कड़ी कार्रवाई



**भुवनेश्वर।** महाप्रभु श्रीजगन्नाथ महाप्रभु की भूमि-संपत्तियों की सुरक्षा और पुनरुद्धार के लिए राजस्व विभाग में अलग श्रीजगन्नाथ महाप्रभु भूमि उपविभाग (लैंड सेल) बनाया जाएगा।यह निर्देश राजस्व सचिव डॉ. अरविंद पाढ़ी ने उच्चस्तरीय बैठक में दिए। लोकसेवा भवन स्थित राजस्व विभाग के सम्मेलन कक्ष में हुई बैठक में स्पष्ट किया गया कि महाप्रभु की भूमि से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट और उड़ीसा हाईकोर्ट के सभी निर्णयों को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा। सचिव ने कहा कि महाप्रभु के भूमि की रक्षा हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। बैठक में श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रशासन के नाम दर्ज सभी भू-संपत्तियों के खतियान में आवश्यक संशोधन कर लंबित मामलों का त्वरित निपटारा करने पर जोर दिया गया। विशेषकर खुर्दा जिला के विभिन्न तहसीलों तथा राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों के समीप स्थित मंदिर प्रशासन की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की रणनीति पर चर्चा हुई।

निर्णय लिया गया कि हर माह के प्रथम बुधवार को खुर्दा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महाप्रभु की भूमि-सुरक्षा की समीक्षा बैठक होगी। इसके साथ ही भूमि प्रबंधन को मजबूत करने के लिए नवगठित लैंड सेल के माध्यम से राज्य और जिला स्तर पर नियमित निगरानी की जाएगी। बैठक में खुर्दा जिलाधिकारी अमृत ऋतुराज, श्रीमंदिर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी देवव्रत साहू, राजस्व विभाग के भूमि सुधार शाखा के अधिकारी, उपजिलाधिकारी और तहसीलदार उपस्थित रहे।

## पिस्तौल दिखाकर नकाबपोश बदमाशों ने कारोबारी दंपती से लूटे लाखों रुपए के गहने, वारदात CCTV में कैद



**लुधियाना, 20 फरवरी [एजेंसी]।**

शहर में लूटपाट की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला 17 फरवरी को देर रात सुंदर नगर मेन रोड पर सामने आया, जहां बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने महज 30 सेकेंड में कारोबारी दंपती से लाखों रुपये के सोने के गहने लूट लिए।मंदिर से घर लौट रहे दंपती को हथियारों के बल पर बदमाशों ने निशाना बनाया। यह पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और कारोबारियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। सुंदर नगर निवासी पीड़ित नवरत्न ने बताया सुंदर नगर मेन रोड पर उनकी होजरी की दुकान है।17 फरवरी की रात करीब 10.15 बजे वह पत्नी के साथ मंदिर से एक्टिवा पर घर लौट रहे थे। इसी दौरान काले रंग की बाइक पर सवार तीन युवक पीछे से आए और ओवरटेक कर उनकी एक्टिवा के सामने बाइक खड़ी कर दी। इस दौरान उन्होंने एक्टिवा रोक दी।

स्कूटी रोकते ही बदमाश बाइक से नीचे उतरे और उन्हें घेर लिया। आरोपितों में से एक ने पिस्तौल तानकर उन्हें डराया, जबकि दूसरे ने तेजधार हथियार दिखाकर गले और हाथों में पहने सोने के गहने जबरन उतरवा लिए। पीड़ित ने बताया कि विरोध करने पर बदमाशों ने उनके साथ हाथापाई की और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। पूरी वारदात करीब 30 सेकेंड में अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए।सूचना मिलते ही थाना दरेसी पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी पहचान कर जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। लगातार हो रही लूट की घटनाओं ने शहर में कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है और स्थानीय लोग रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

# वैश्विक सीईओ के साथ मोदी का मंथन, एआई सहयोग और निवेश के अवसरों पर रहा जोर

**नईदिल्ली, 20 फरवरी [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि एआई इंपैक्ट समिट के दौरान सीईओ राउंडटेबल में हुई चर्चाएं समझदारी भरी, आगे का सोच वाली और ग्रोथ के अवसर खोलने पर फोकस थीं।पीएम मोदी ने पोस्ट में कहा, सीईओ राउंडटेबल में एआई, तकनीक और नवाचार की दुनिया के अलग-अलग हितधारक एक साथ आए। चर्चाएं समझदारी भरी और आगे का सोच वाली थीं, जो एआई को जिम्मेदारी से बढ़ाने, वैश्विक सहयोग को मजबूत करने और ग्रोथ के अवसरों को खोलने पर फोकस थीं।इससे पहले समिट के लीडर्स प्लेनरी सेशन में अपनी बात रखते हुए प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि यह समिट एक मानव केंद्रित और संवेदनशील वैश्विक एआई ईकोसिस्टम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। इतिहास बताता है कि इंसानियत ने हमेशा मुश्किलों को मौकों में बदला है और आज मुश्किलों को इंसानियत के सबसे बड़े मौके में बदलने का एक और ऐसा ही अवसर है। पीएम मोदी ने भगवान बुद्ध की सीख को याद करते हुए कहा कि सही काम सही समझ से होता है और एक ऐसा रोडमैप बनाने की अहमियत पर जोर दिया जो समय पर, अच्छे इरादे वाले और सही फैसलों के जरिये एआई का सकारात्मक प्रभाव सुनिश्चित करे।उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान दुनिया ने देखा कि जब देश एक साथ खड़े होते हैं, तो नामुमकिन भी मुमकिन हो जाता है। तकनीक ने पहले विभाजन पैदा किया था, लेकिन अब एआई आसानी से मिलनी चाहिए और सबकी पहुंच में होनी चाहिए। जब एआई के भविष्य पर बात हो रही है, तो ग्लोबल साउथ की उम्मीदों और आवश्यकताओं को एआइ गवर्नेंस के केंद्र में रखा जाना चाहिए। यह ग्लोबल साउथ के लिए गर्व की बात है कि यह समिट भारत में हो रही है। पीएम मोदी ने समिट को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एआई के लिए एक नेचुरल हब के तौर पर उभर रहा है, जिसके लिए एक मजबूत डिजिटल आधार, सुरक्षित बुनियादी ढांचा और जीवंत स्टार्टअप ईकोसिस्टम बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस समिट में तीन भारतीय कंपनियों ने अपने एआई माडल और एप्लिकेशन लांच किए हैं। ये माडल हमारे युवाओं की प्रतिभाओं को दिखाते हैं। ये उन साल्यूशन को भी दिखाते हैं जो भारत दुनिया को दे रहा है। पीएम मोदी ने कहा, भारत में विविधता, जनसंख्या और लोकतंत्र है। जो एआई माडल भारत में सफल हो सकता है, वह दुनियाभर में सफल हो सकता है। भारत में डिजायन और विकसित करें। दुनिया को दें, इंसानियत को दें। साथ ही कहा, हमें एआई को खुला आसमान देना होगा, लेकिन साथ ही हमें लगाम अपने हाथों में रखनी होगी।

## रिश्तों की मर्यादा तार-तार: अलीगढ़ में गहने और कैश लेकर भांजे के साथ फरार हो गई मामी, 9 लोगों पर केस दर्ज

**अलीगढ़ 20 फरवरी।** पाली मुकीमपुर थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को भांजे के साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी पत्नी 25 जनवरी 2026 को मायके से लौट रही थी, तभी थाना पालीमुकीमपुर के नागर निवासी उनके भांजे विक्रम उन्हें बहला-फुसलाकर ले गया। पत्नी के पास सोने के आभूषण, एक लाख रुपये नकद और अन्य सामान थे, जो उनके बेटे की सगाई के लिए थे। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि विक्रम ने लूट की नीयत से यह कदम उठाया। जब उन्होंने विक्रम के घर जाकर पूछताछ की, तो विक्रम के परिवार के सदस्यों ने उन्हें धमकाया और कहा कि पत्नी को ले जाने का निर्णय उनके कहने पर लिया गया था। व्यक्ति ने थाना पालीमुकीमपुर में पत्नी के अपहरण, लूट और धमकी के आरोप में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने नौ लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक महिला की बरामदगी या आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# बच्चों के नाश्ते में शामिल करें चुकंदर, जानिए इससे कैसे बनाएं स्वादिष्ट व्यंजन





चुकंदर एक ऐसी सब्जी है, जो न केवल स्वाद में बेहतरीन है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। यह आयरन, फोलेट और विटामिन-सी का अच्छा स्रोत है। अगर आपके बच्चे चुकंदर खाना पसंद नहीं करते तो चिंता की कोई बात नहीं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनसे आप चुकंदर को बच्चों के नाश्ते में शामिल कर सकते हैं और वे इसे खुशी-खुशी खा सकें।

चुकंदर का उपमा

उपमा एक लोकप्रिय दक्षिण भारतीय नाश्ता है, जिसे आप चुकंदर के साथ बना सकते हैं। इसके लिए सूजी को हल्का भून लें, फिर उसमें बारीक कटा हुआ चुकंदर डालें और मसाले मिलाएं। इसमें प्याज, हरी मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर पकाएं। यह नाश्ता न केवल स्वादिष्ट है बल्कि पोषण से भरपूर भी है। चुकंदर का रंग और स्वाद इसे खास बनाते हैं, जिससे बच्चे इसे खुशी-खुशी खाएंगे।

चुकंदर का चीला

चीला एक बेहतरीन विकल्प है, जिसे आप बेसन और चुकंदर के मिश्रण से बना सकते हैं। इसके लिए बेसन को पानी में घोलें और उसमें कद्दूकस किया हुआ कच्चा चुकंदर मिलाएं। साथ ही बारीक कटी हुई प्याज, हरी मिर्च, धनिया पत्ती और मसाले डालें। इसे तवे पर सेंकें जब तक कि यह सुनहरा न हो जाए। यह चीला न केवल स्वादिष्ट है बल्कि सेहतमंद भी है और बच्चों को पसंद आएगा।

चुकंदर का परांठा

परांठा हमेशा बच्चों को पसंद आता है, तो क्यों न इसे थोड़ा सेहतमंद बनाया जाए? आटे में उबला हुआ और मैश किया हुआ चुकंदर मिलाकर गूंध लें। इस परांठे को दही या अचार के साथ परोसें।

यह न केवल स्वादिष्ट है बल्कि पौष्टिक भी है। चुकंदर का रंग और स्वाद इसे खास बनाते हैं, जिससे बच्चे इसे खुशी-खुशी खाएंगे। इससे उन्हें आयरन और विटामिन-सी भी मिलेगा, जो उनके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

चुकंदर का सूप

सूप एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जिसे आप आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए बारीक कटा हुआ कच्चा या उबला हुआ चुकंदर, प्याज, लहसुन, अदरक आदि सामग्रियों को पानी में डालकर पकाएं। पकने के बाद इसे मिक्सर से पीस लें और नमक-मिर्च मिलाकर गर्मागर्म परोसें। यह सूप न केवल स्वादिष्ट है बल्कि सेहत के लिए भी अच्छा है। चुकंदर का यह सूप बच्चों को ठंडक देने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है।

चुकंदर का जूस

चुकंदर का जूस बच्चों के लिए एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। इसके लिए ताजे चुकंदर को अच्छे से धोकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें, फिर इसे मिक्सी में पीसकर जूस निकाल लें।

इस जूस में आप नींबू का रस और थोड़ा शहद मिला सकते हैं ताकि इसका स्वाद और बेहतर हो सके।

यह पेय न केवल स्वादिष्ट है बल्कि इसमें आयरन, पोटेशियम और विटामिन-सी की भरपूर मात्रा भी होती है, जो बच्चों की सेहत के लिए फायदेमंद है।



## कैनेडी को लेकर सनी लियोनी के दिल में बैठा डर, अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर बड़े नामों से जुड़ा प्रोजेक्ट कलाकारों के लिए एक सपने जैसा होता है। ऐसा ही अनुभव अभिनेत्री सनी लियोनी ने साझा किया। अपनी अपकमिंग स्ट्रीमिंग फिल्म कैनेडी को लेकर सनी लियोनी ने बताया कि इसका हिस्सा बनने पर उन्हें आखिरी दिन तक यकीन नहीं हो रहा था। उन्हें हमेशा रिप्लेस होने का डर रहा। सनी लियोनी इन दिनों अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी कैनेडी की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म को 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। इसके अलावा, फिल्म ने कई इंटरनेशनल फेस्टिवल्स में सराहना प्राप्त की है। सनी ने कहा, जब मुझे इस फिल्म का ऑफर मिला, तो मैं काफी हैरान थी। मुझे भरोसा ही नहीं था कि मैं इस फिल्म का हिस्सा बन गई हूं। ट्रायल्स, वर्कशॉप्स और मीटिंग्स सब कुछ होने के बावजूद, मेरे मन में यह डर बना रहा कि कहीं आखिरी समय पर मुझे फिल्म से रिप्लेस न कर दिया जाए।

उन्होंने कहा, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में चीजें पल भर में बदल जाती हैं। मैंने कई बार ऐसा देखा है कि सब कुछ तय होने के बाद भी कलाकार बदल दिए जाते हैं। इसी वजह से मुझे तब तक चैन नहीं मिला, जब तक मैंने सेट पर पहुंचकर कैमरे के सामने शॉट नहीं दिया। पहला सीन शूट होने और फिर अगला सीन शुरू होने के बाद मुझे यकीन हुआ कि अब शायद उन्हें रिप्लेस नहीं किया जाएगा।

सनी लियोनी ने कहा, पहला शॉट ओके होने के बाद मेरे मन में एक अलग ही सुकून था। मुझे लगा कि मैंने अपना काम ठीक से किया है और शायद यही वजह है कि टीम अब मुझ पर भरोसा कर रही है।

फिल्म कैनेडी में सनी लियोनी चार्ली नाम की लड़की का किरदार निभा रही हैं। अपने किरदार के एक खास सीन का जिक्र करते हुए सनी ने बताया कि यह सीन एक होटल रूम में शूट हुआ है, जहां मेरा किरदार चार्ली एक पुलिस ऑफिसर का इंतजार करती है। वह डरी हुई है, परेशान है और वहां रहना नहीं चाहती, लेकिन उसे पता है कि आगे क्या होने वाला है। इस सीन में बाथरूम से बाहर आकर चेहरे पर नकली मुस्कान लाना, उनके लिए भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा।

सनी ने कहा, यह सीन आम जिंदगी से जुड़ा हुआ है। कई बार हम सब भी ऐसे हालात से गुजरते हैं, जहां अंदर से टूटे हुए होते हैं, लेकिन बाहर से मुस्कुराना पड़ता है। यह आसान नहीं होता। यही वजह है कि यह सीन मेरे लिए बेहद खास है।



## साइनस की समस्या से राहत दिलाने में मदद कर सकती हैं ये चाय, जानिए इनकी रेसिपी



साइनस नाक से जुड़ी एक समस्या है, जिससे ग्रसित लोगों को बंद नाक, सिरदर्द, नाक में खुजली और सांस लेने में तकलीफ जैसी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो आइए आज हम आपको कुछ ऐसी चाय की रेसिपी बताते हैं, जिनका सेवन करने से साइनस से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिल सकती है। साथ ही इन चायों में मौजूद अच्छे गुण सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।

अदरक की चाय

अदरक की चाय में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो साइनस से जुड़ी सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा अदरक की चाय में मौजूद तत्व शरीर को गर्माहट देने के साथ-साथ बलगम को ढीला करने का काम भी कर सकते हैं। लाभ के लिए पानी को गर्म करें, फिर उसमें अदरक के कुछ टुकड़े डालकर उबालें। अब इसमें चीनी या शहद मिलाएं। इसके बाद चाय को छानकर गर्मागर्म पिएं।

पुदीने की चाय

पुदीने की चाय में एक खास तत्व होता है, जो बंद नाक खोलने और सांस लेने में आसानी करवा सकता है। इसके अलावा पुदीने की चाय का सेवन पेट की गैस, सूजन और ऐंठन जैसी समस्याओं से भी राहत दिला सकता है। लाभ के लिए एक कप पानी में पुदीने की कुछ पत्तियां डालकर उबालें। फिर इस मिश्रण को छानकर इसका सेवन करें।

तुलसी की चाय

तुलसी की चाय में ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा तुलसी की चाय में मौजूद सूजन कम करने वाले और बैक्टीरिया रोधी गुण साइनस से जुड़ी सूजन और बंद नाक को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एक कप पानी में तुलसी की कुछ पत्तियां डालकर उबालें, फिर इसमें स्वादानुसार शहद मिलाकर इसे गर्मागर्म पिएं।

हल्दी की चाय

हल्दी की चाय में एक खास तत्व होता है, जो सूजन कम करने की तरह काम करके साइनस से जुड़ी सूजन को कम कर सकता है। इसके अलावा हल्दी की चाय का सेवन शरीर की सुरक्षा क्षमता को बढ़ाने में भी सहायक हो सकता है। लाभ के लिए एक कप पानी में आधी चम्मच हल्दी पाउडर डालकर उबालें, फिर इसमें स्वादानुसार शहद मिलाकर इसे गर्मागर्म पिएं।

तुलसी और अदरक की चाय

साइनस की समस्या से राहत दिलाने में तुलसी और अदरक की चाय भी काफी कारगर मानी जाती है। यह चाय शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद कर सकते हैं। साथ ही इसमें मौजूद सूजन कम करने वाले और बैक्टीरिया रोधी गुण साइनस से जुड़ी सूजन और बंद नाक को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एक कप पानी में तुलसी की कुछ पत्तियां और अदरक का एक टुकड़ा डालकर उबालें।

### तुम्बाड 2 में होगा अंतरराष्ट्रीय धमाका निर्माताओं ने इन धुरंधरों को किया शामिल



सोहम शाह की फिल्म तुम्बाड साल 2018 में रिलीज हुई थी जिसने सफलता का स्वाद बखूबी चखा। फिल्म के दृश्य, कहानी और कॉन्सेप्ट ने हर किसी का मन मोह लिया, जिसका नतीजा यह हुआ कि लोग इसके सीक्वल से ढेरों उम्मीदें लगाकर बैठे हुए हैं। निर्माताओं ने तुम्बाड 2 का ऐलान तो पहले ही कर दिया था। खबर है कि फिल्म का लेवल बढ़ाने के लिए एक खास तैयारी चल रही है, जिसे सुनकर लोगों का उत्साह बढ़ जाएगा।

## ओ रोमियो ने 5वें दिन पलटी बाजी, बंपर कमाई के साथ तोड़ दिए ये रिकॉर्ड



शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म ओ रोमियो 13 फरवरी को वैलेंटाइन डे से ठीक एक दिन पहले रिलीज हुई जिसने प्यार और वार का एक अलग पहलू दिखाया है। फिल्म को समीक्षकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और दर्शक दोनों सितारों के अभिनय की तारीफ कर रहे हैं। ओपनिंग वीकेंड पर शानदार कमाई करने के बाद फिल्म के आंकड़ों में मंदी देखी गई थी, लेकिन 5वें दिन इसने रफ्तार पकड़ ली और बंपर कलेक्शन कर दिखाया है। सैकनिल्क के मुताबिक, ओ रोमियो ने पहले दिन 8.5 करोड़ रुपये के साथ खाता खोला। दूसरे दिन कमाई और भी बढ़ गई और फिल्म ने 12.65 करोड़ रुपये कमाए। तीसरे दिन 9 करोड़ कमाए, लेकिन चौथे दिन, यानी सोमवार को 4.75 करोड़ के साथ कमाई में गिरावट देखी गई। इस कसर को 5वें दिन फिल्म ने पूरा कर लिया और बॉक्स ऑफिस पर 5 करोड़ का कारोबार किया। इस तरह फिल्म की कुल कमाई 40 करोड़ रुपये हो गई है। ओ रोमियो ने रिलीज के 5वें दिन अपनी रफ्तार को बढ़ाते हुए अच्छी कमाई कर दिखाई है। इसी के साथ शाहिद ने अपनी 2 फिल्मों का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है जिसमें फटा पोस्टर निकला हीरो (36.37 करोड़ रुपये) और बदमाश कंपनी (34.98 करोड़) शामिल हैं। फिल्म निर्माता नाडियाडवाला ग्रैंडसंस ने कुल 4 दिनों के वर्ल्डवाइड कलेक्शन आंकड़ों को साझा किया है, जिसके मुताबिक फिल्म ने दुनियाभर में कुल 61.3 करोड़ की कमाई कर ली है।

## नित्या मेनन ने बढ़ाया एक और कदम, अब प्रोड्यूसर बन जीतेंगी लोगों का दिल

अपने अभिनय से लोगों के दिलों में राज करने वाली साउथ सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री नित्या मेनन अब नई शुरुआत करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वे अब बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने नए प्रोडक्शन हाउस का ऐलान किया। अभिनेत्री नित्या मेनन ने लिखा, मेरे लिए फिल्में बनाना सिर्फ कहानियां सुनाना नहीं है, बल्कि दिल से दिल जुड़ने का तरीका है। जब मैं कुछ बनाती हूं तो यह न सिर्फ दर्शकों को बदलता है, बल्कि मुझे भी बदल देता है। अभिनेत्री ने बताया कि रचनात्मक प्रक्रिया में डूबकर मैं खुद में बदलाव महसूस करती हूं और जो इसे देखते हैं, उनके अंदर भी एक हल्का-सा परिवर्तन आता है। अभिनेत्री ने लिखा, यह बदलाव शुरू में शायद नजर न आए, लेकिन यह हमेशा के लिए असर छोड़ जाता है। फिल्म बनाना मेरे लिए व्यक्तित्व के उस सच्चे और संवेदनशील हिस्से को छूने जैसा है, जो सबसे असली होता है, जब मैं अभिनय करती थी। उसी समय मैंने सोच लिया था कि मैं प्रोड्यूसर बनूंगी और अब प्रोड्यूस करने पर भी यही सोच बनी रहेगी। आपके सामने पेश है- कीयूरी प्रोडक्शंस।

वीडियो में बताया गया है कि केयुरी धरती की गुफाओं से निकली है, चट्टान से बनी है, रोशनी से प्यार करती है, और किसी खास रूप में नहीं बंधी है। यह नाम और उसका मतलब नित्या की रचनात्मक सोच को दर्शाता है, जहां वे ऐसी कहानियां बनाना चाहती हैं जो गहरी भावनाओं को छूएं और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं।

नित्या मेनन साउथ इंडियन सिनेमा में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती हैं। वे अभिनेत्री होने के साथ-साथ पार्श्व गायिका भी हैं, जो मुख्य रूप से मलयालम, तेलुगु, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्हें 'थिरुचित्राम्बलम' (2022) के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और चार फिल्मफेयर अवार्ड साउथ मिल चुके हैं। साल 1998 में एक बाल कलाकार के रूप में शुरुआत करने वाली नित्या मेनन बॉलीवुड की फिल्म मिशन मंगल में नजर आई थीं।

## शब्द सामर्थ्य -321

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 320 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## सू- दोकू क्र.321

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.320 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट छत्तीसगढ़ का स्टॉल बना आकर्षण केंद्र

**रायपुर।** भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में छत्तीसगढ़ द्वारा स्थापित स्टॉल देश-विदेश से आए निवेशकों, तकनीकी विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों और आगंतुकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। छत्तीसगढ़ ड्रिवन बाय इंटेलिजेंस थीम पर आधारित इस स्टॉल में राज्य की उभरती कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षमता, अत्याधुनिक डिजिटल अधोसंरचना और निवेश संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया जा रहा है। स्टॉल में डिजिटल प्रस्तुति, सूचना पैनल और इंटरैक्टिव माध्यमों के जरिए छत्तीसगढ़ को उभरते टेक्नोलॉजी हब के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे निवेशकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। स्टॉल में विशेष रूप से नवा रायपुर में स्थापित किए जा रहे देश के पहले एआई डाटा सेंटर पार्क की जानकारी प्रमुखता से दी जा रही है।

# पाईप लाईन बिछाने में ठेकेदार की मनमानी, सड़कें हुई बेहाल

### कम गहराई में डाली जा रही पाइप लाइन, बेतरतीब समतलीकरण से हादसों का खतरा * घटिया कार्यशैली से बढ़ रहा आक्रोश

#### निर्माण कार्य में शासकीय मानकों को किया दरकिनार

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर-चरचा क्षेत्र में फिल्टर प्लांट से छठ घाट तक पाइपलाइन विस्तार कार्य तथा विभिन्न कॉलोनियों में जल आपूर्ति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से छठ घाट में ओवरहेड टंकी निर्माण एवं पाइपलाइन बिछाने का लगभग 1 करोड़ 85 लाख रुपये का कार्य प्रारंभ किया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य का ठेका रायपुर की कंपनी बालाजी कंस्ट्रक्शन को दिया गया है।परंतु प्रारंभिक चरण से ही इस कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं।

सूत्रों के अनुसार, निर्धारित मानकों के विपरीत अत्यंत कम गहराई के गड्ढे खोदकर पाइपलाइन डाली जा रही है। जबकि गड्ढे की गहराई एक से डेढ़ मीटर तक होनी चाहिए, पाइप डालने के बाद मिट्टी भरकर उसे बिना समुचित दबाव (कम्पैक्शन) के यूँ ही छोड़ दिया जा रहा है। कई स्थानों पर न तो उचित समतलीकरण किया गया और न ही पूर्ववत स्थिति के अनुरूप कंक्रीट अथवा डामरीकरण का कार्य किया गया है। स्थानीय कॉलोनियों में जगह-जगह गड्ढे खोदकर पाइपलाइन बिछाई गई है, परंतु उसके ऊपर मिट्टी और पत्थर बेतरतीब तरीके से फैला दिए गए हैं। परिणामस्वरूप राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर स्कूल मार्ग और सड़कों पर आवागमन का दबाव अधिक होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बच्चे इन उबड़-खाबड़ स्थानों पर फिसलकर चोटिल हो चुके हैं। पाइपलाइन बिछाने के साथ ही तत्काल कंक्रीट या डामर से मरम्मत की जानी चाहिए थी, किंतु ऐसा नहीं किया जा रहा है।कुछ दिनों



पूर्व स्वामी आत्मानंद स्कूल के सामने भी पाइपलाइन बिछाई गई थी। स्थानीय लोगों के विरोध के बाद वहाँ कंक्रीट का कार्य तो किया गया, किंतु वह भी अत्यंत निम्नस्तरीय बताया जा रहा है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर और अधिक संदेह गहरा गया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पूरे मामले की जानकारी जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को है, इसके बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। लोगों का कहना है कि ठेका कंपनी यह मानकर कार्य कर रही है कि यहाँ के नागरिक जागरूक नहीं हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।स्थानीय सामाजिक संगठन एवं व्यापारिक संगठन चरचा बचाव मंच ने पालिका प्रशासन से मांग की है कि जब तक पहले से खोदे गए गड्ढों का समुचित समतलीकरण और कंक्रीटीकरण नहीं हो जाता, तब तक आगे पाइपलाइन बिछाने का कार्य रोका जाए। संगठन ने स्पष्ट कहा है कि कार्य होना चाहिए, किंतु सुनियोजित एवं मानकों के अनुरूप। गुणवत्ता व मानक की जांच के पूर्व ठेकेदार को किसी प्रकार का भुगतान न किया जाए। जनता का कहना है कि यह कार्य जनता के टैक्स और शासन की निधि से किया जा रहा है। ऐसे में यदि गुणवत्ता से समझौता किया गया तो यह सीधे-सीधे जनधन का दुरुपयोग होगा। नगर पालिका शिवपुर-चरचा के जिम्मेदार अधिकारियों एवं पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि वे तत्काल स्थल निरीक्षण कर मानकविहीन कार्य पर रोक लगाएं, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें तथा सड़कों का शीघ्र समतलीकरण एवं कंक्रीटीकरण सुनिश्चित कराएं, ताकि भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना न हो।जनहित में यह मुद्दा अत्यंत गंभीर है — अब देखना यह है कि पालिका प्रशासन कब ठोस कार्रवाई करता है।

# साकत पनिका समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन संपन्न आरक्षण व संगठन विस्तार का लिया गया संकल्प

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के प्रेमा बाग में बुधवार को साकत पनिका समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, संरक्षकों एवं बड़ी संख्या में स्वजातीय भाई-बहनों की उपस्थिति रही। सम्मेलन का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्म प्रकाश परेवा (प्रदेश उपाध्यक्ष, साकत पनिका समाज छत्तीसगढ़) रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश पंत (युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, साकत पनिका समाज छत्तीसगढ़) उपस्थित थे। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सुधारक सहाल ने की। इस अवसर पर रामधन देवांगन (संरक्षक, साकत पनिका समाज सरगुजा संभाग) तथा सत्यनारायण गोयन (संयोजक, साकत पनिका समाज सरगुजा संभाग) सहित कोरिया जिले के अनेक वरिष्ठ समाज संरक्षक मंचासीन रहे। सम्मेलन में सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया गया कि साकत पनिका समाज का संगठन ग्राम इकाई से लेकर राज्य स्तर तक सुदृढ़ किया जाएगा। सरगुजा संभाग के सभी जिलों में समाज का विधिवत गठन कर पदाधिकारियों को अनुसूचित जनजाति आरक्षण की मांग को लेकर संगठित एवं सक्रिय किया जाएगा। उपस्थित जनों ने यह भी निर्णय लिया कि संभाग स्तर पर संगठन को तत्काल प्रभाव से विस्तार दिया जाए तथा आरक्षण की मांग को गति प्रदान की जाए। चर्चा के दौरान बताया गया कि सरगुजा, बस्तर एवं बिलासपुर संभाग के अंतर्गत मरवाही, पेंड्रा, लोरमी सहित कई जिलों में साकत पनिका समाज की बहुलता है। समाज के लोग अन्य आदिवासी समुदायों के समान रहन-सहन, परंपरा और संस्कृति का पालन करते हुए आज भी निवासरत हैं। उनकी बसाहट प्रायः गोंड जनजातियों के मध्य होती है तथा वे जनजातीय परंपराओं का अनुसरण करते हैं। सम्मेलन में सोनहत और बैकुंठपुर ब्लॉक से बड़ी संख्या में स्वजातीय भाई-बहन शामिल हुए। उपस्थित प्रमुख जनों में रमेश पड़वार, हुकुमचंद, भागीरथी, शुकुल प्रसाद मरई, अहिबरन लाल, कृष्ण कुमार, रामकृष्ण, विनोद कुमार, विजय बघेल, जागेश्वर प्रसाद, गोरेलाल, नरेश कुमार, उजित प्रसाद, शिवचरण, संतोष गोयन, शिव प्रसाद, बालकृष्ण, प्रयास कुमार,सूरजलाल,विजयकुमार, वंशजीवन, अमित, सोना लाल, नंदकुमार, अशोक कुमार, प्रवीण गोयन, कमल दास, हरिब्रिसेन, अनिमेश कुमार, मनोज कुमार, रविंद्र कुमार,राजलाल, रामाशंकर,देवजीत देवांगन,श्रीमती सुकवारो, श्रीमती सोनमती, श्रीमती चंदावती, कुमारी रीना, दुर्गा भारती, प्रीतम कुमार, दयालाल गोयल, राजेंद्र प्रसाद, रामकरण, महादेव, रामनारायण, जवाहरलाल,धर्मपाल,बसंतलाल, अयोध्या, चंद्रमा प्रसाद, मुन्नी बाई, संगीता बघेल, राजकुमारी, लक्ष्मी पड़वार, मोतीलाल खांडे, राजेश कुमार, विष्णु देवांगन, प्रेमचंद, कृष्णा देवांगन सहित अन्य लोग शामिल रहे। सम्मेलन के दौरान समाज के विकास एवं आरक्षण की मांग को सशक्त नेतृत्व प्रदान करने हेतु सर्वसम्मति से शुकुल प्रसाद मरई को साकत पनिका समाज जिला कोरिया का अध्यक्ष घोषित किया गया। प्रस्ताव पारित करते हुए उन्हें औपचारिक रूप से जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। अंत में सभा का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। सम्मेलन 'जय साकत समाज, जय जय पनिका' के उद्घोष के साथ संपन्न हुआ।

## कर्मशाला से जिया डेरा गीदम रोड तक होगा सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण

**जगदलपुर।** विधुत यांत्रिकी विभाग से जिया डेरा गीदम रोड तक से प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य का भूमिपूजन गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक श्री किरण देव एवं अन्य अतिथियों के करकमलों से विधिवत संपन्न हुआ। विधुत यांत्रिकी विभाग कर्मशाला से जिया डेरा गीदम रोड 1 .47 किलोमीटर लागत 04 करोड़ 81 लाख रुपए लागत से निर्माण कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि विधुत यांत्रिकी विभाग कर्मशाला से जिया डेरा गीदम रोड तक सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य से शहरवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग और क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।

# ऑनलाइन रिकॉर्ड में नाम दर्ज नहीं, 75 वर्षीय बुजुर्ग छह साल से लगा रहे तहसील के चक्कर

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी 75 वर्षीय गफ्फार खान अपनी 20 डिसमिल जमीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड में त्रुटि सुधार के लिए पिछले छह वर्षों से तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। राजस्व अभिलेखों में गड़बड़ी के कारण वे अपनी ही जमीन का विक्रय नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मामले के अनुसार, आवेदक मो. हासिम खान पिता खलील खान, निवासी रामानुजगंज, थाना एवं तहसील रामानुजगंज, जिला बलरामपुर ने जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया है कि ग्राम रामानुजगंज स्थित भूमि खसरा नंबर 1173/1464/4, रकबा 0.081 हेक्टेयर भूमि उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की क्रय की गई भूमि है। वर्ष 2006 के नामांतरण पंजी में उनका नाम दर्ज है तथा वे भूमि पर नियमानुसार काबिज कास्त हैं।आवेदक का आरोप है कि उक्त भूमि का नाम आज तक ऑनलाइन बी-1, खसरा एवं नक्शा में दर्ज नहीं किया गया है। इसके कारण उन्हें विभिन्न प्रकरणों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भूमि को ऑनलाइन दर्ज कराने के लिए उन्होंने आवेदन भी प्रस्तुत किया है, लेकिन अब तक सुधार नहीं हो सका है।इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 12 निवासी गफ्फार खान का कहना है कि उनकी जमीन ऑनलाइन रिकॉर्ड में दूसरे के नाम दर्ज हो गई है। त्रुटि सुधार के लिए वे पिछले छह वर्षों से राजस्व विभाग के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस बीच उनकी पत्नी कैंसर से पीड़ित हो गईं, जिनके उपचार में अब तक लगभग 10 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं और आगे भी करीब 20 लाख रुपये की आवश्यकता बताई जा रही है। आर्थिक संकट के चलते वे अपनी जमीन बेचना चाहते हैं, परंतु ऑनलाइन रिकॉर्ड में नाम गलत दर्ज होने के कारण विक्रय संभव नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजस्व अभिलेखों में लापरवाही का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर शीघ्र ऑनलाइन रिकॉर्ड में आवश्यक सुधार किया जाए, ताकि पीड़ितों को राहत मिल सके।

## जल संकट से जूझ रहे मुंगेली को जल-जीवन मिशन की सौगात

**रायपुर।** जल जीवन मिशन से मुंगेली जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर ग्राम ठरकपुर में हर घर नल, हर घर जल का सपना साकार हुआ है। मिशन के अंतर्गत ठरकपुर में पाइपलाइन बिछाकर प्रत्येक घर को नल कनेक्शन प्रदान किया गया है। इसके बाद से गांव में न केवल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, बल्कि पानी की गुणवत्ता और नियमितता भी बेहतर हुई है। अब गांव के हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। इसने ठरकपुर की कहानी बदल गई है। कभी पेयजल संकट से जूझने वाले ठरकपुर की तस्वीर आज पूरी तरह बदल चुकी है। एक समय था जब पानी के लिए हैंडपंपों पर लंबी कतारें, मटकों और बाल्टियों के साथ ग्रामीणों की भीड़ तथा गर्मी के दिनों में गांव में जल संकट होता था। पहले पूरा गांव पेयजल के लिए 8 हैंडपंपों के भरोसे था। गर्मियों में जलस्तर गिरने से ये हैंडपंप अक्सर जवाब दे जाते थे, जिससे ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं को दूर-दराज के जल स्त्रोतों से पानी लाने मजबूर होना पड़ता था। ठरकपुर की श्रीमती गंगा यादव बताती हैं कि पहले छोटे बच्चों को घर पर छोड़कर दूर हैंडपंप से पानी लाना पड़ता था। गर्मी में बहुत परेशानी होती थी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर में मलेरिया व टीबी उन्मूलन हेतु दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण

**एमसीबी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में ब्लॉक भरतपुर अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर के सभाकक्ष में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना तथा मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़, संवेदनशील एवं परिणामोन्मुखी बनाना रहा। कार्यशाला में स्वास्थ्य अमले को रोग नियंत्रण, रोकथाम और उपचार से जुड़ी अद्यतन तकनीकी जानकारी प्रदान की गई।

17 फरवरी 2026 को आयोजित सत्र में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया, डेंगू एवं फाइलेरिया की रोकथाम, पहचान एवं उपचार पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. नम्रता चक्रवर्ती एवं जिला मलेरिया कंसलटेंट संजीत सिंह ने लक्षणों की शीघ्र पहचान, समयबद्ध जांच, दवाओं के समुचित उपयोग तथा फील्ड स्तर पर आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता और त्वरित उपचार से इन रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। 18 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत विशेष सत्र आयोजित किया गया। जिला क्षय अधिकारी डॉ. सुधांशु पटेल एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक संतोष सिंह ने टीबी की समय पर पहचान, उपचार की निरंतरता, मरीजों की नियमित ट्रैकिंग तथा निक्षय पोषण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की सतर्कता और सतत फॉलोअप अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. के. रमन, बीपीएम सुलेमान खान, मलेरिया एवं टीबी प्रभारी राय सिंह श्याम तथा बीईटीओ आर. पी. सोनवंशी की उपस्थिति रही। साथ ही सेक्टर के सीएचओ, सुपरवाइजर, महिला एवं पुरुष आरएचओ, टीबी मितान एवं स्पुटम रनर सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का जमीनी स्तर पर प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करें। यह कार्यशाला जिले को मलेरिया, डेंगू एवं टीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सशक्त कदम सिद्ध होगी।

## आवास योजना में फर्जी भुगतान और अधूरे घर के आरोप तथ्यहीन

**रायपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को लेकर आज 18 फरवरी को प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय जांच दल से विस्तृत भौतिक सत्यापन कराया गया। जांच रिपोर्ट में कई तथ्य भ्रामक एवं अपूर्ण जानकारी पर आधारित पाए गए हैं। उपायुक्त, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, छत्तीसगढ़ ने स्पष्ट किया है कि अधिकांश मामलों में भुगतान नियमानुसार हुआ है और निर्माण कार्य प्रगति पर है। खबर में बागबाहरा जनपद में 12,366 हितग्राहियों की दूसरी किश्त अटकी होने और केवल 25 हजार रुपए पहली किश्त दिए जाने का उल्लेख किया गया है, जबकि जांच में सामने आया कि योजना शुरू होने से अब तक जनपद पंचायत बागबाहरा में 22,910 आवास स्वीकृत हुए हैं। इनमें से 19,411 मकान पूर्ण हो चुके हैं। शेष 3,499 आवास निर्माणाधीन हैं। प्रशासन के मुताबिक किश्तों का भुगतान निर्माण कार्य की प्रगति के अनुसार किया जा रहा है। ग्राम तुहामेटा में झुलवती के नाम पर प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में स्वीकृत आवास में दो किश्तों में एक लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। जांच में पाया गया कि छत ढलाई का कार्य पूरा है। हितग्राही श्रीमती झूलबती के निधन के बाद उनके पति श्री पीलाराम को उत्तराधिकारी के रूप में पोर्टल में दर्ज किया गया है।

## डेमोंस्ट्रेशन हाउसिंग प्रोजेक्ट को स्वीकृति

**रायपुर।** तोखन साहू, आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री, ने आज घोषणा की कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय रतनपुर, छत्तीसगढ़ में एक अग्रणी डेमोंस्ट्रेशन हाउसिंग प्रोजेक्ट को स्वीकृति देने जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत विकसित यह परियोजना भारत के आवास क्षेत्र में 'हरित एवं उभरती प्रौद्योगिकियों' को मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें छत्तीसगढ़ इनके क्रियान्वयन का प्रमुख प्रदर्शन केंद्र बनेगा। यह परियोजना 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्तपोषण के साथ लागू की जाएगी, जिसमें पूर्ण केंद्रीय सहायता तथा लगभग 10 करोड़ का अनुमानित निवेश होगा। परियोजना के अंतर्गत अभिनव, आपदा-रोधी एवं टिकाऊ प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए अधिकतम 40 उच्च-गुणवत्ता वाले आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। पारंपरिक स्वामित्व मॉडल के विपरीत, ये इकाइयाँ सामाजिक उद्देश्यों के लिए निर्धारित होंगी तथा सामुदायिक उपयोग और सिद्ध शक्ति पीठ माता महामाया के पवित्र दर्शन हेतु राज्य एवं देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं/ तीर्थयात्रियों के लिए उपयोग में लाई जाएँगी। इस पहल से स्थानीय अवसंरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ धार्मिक पर्यटन और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा मिलने की अपेक्षा है।

# तीन दिवसीय कोरिया महोत्सव का रंगारंग समापन

### लोक नृत्य, शास्त्रीय संगीत और पंडवानी के सुर से गूंजा मिनी स्टेडियम







**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में आयोजित तीन दिवसीय कोरिया महोत्सव का गुरुवार शाम भव्य एवं उल्लासपूर्ण समापन हुआ। लोक संस्कृति, परंपरा और आधुनिक प्रस्तुतियों के संगम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शासकीय रामानुज आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल के मिनी स्टेडियम में 17 फरवरी को किया था। बुधवार को बैकुंठपुर के विधायक भइया लाल राजवाड़े एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने पंथी, सुवा, शैला, कथक एवं ओड़िसी नृत्य सहित सैक्सोफोन वादन, भरथरी एवं फ्यूजन गायन की बुधवार को प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया था। गुरुवार को समापन दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सबसे पहले स्थानीय लोक कला दल ने कर्मा नृत्य की प्रस्तुति देकर माहौल को लोक रंग में रंग दिया। सियाधेश म्यूजिक और बैकुंठपुर बॉलीवुड मिक्स की धुनों पर युवा दर्शक देर तक झूमते रहे। रायपुर से पहुंचीं सुश्री ईशिका गिरी ने शास्त्रीय गायन एवं कथक नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। बिलासपुर की नृत्यधारा डांस एकेडमी ने नृत्य-नाटिका के माध्यम से दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। बनारस से आए डॉ. राकेश ने बांसुरी वादन से मधुर सुरों की छटा बिखेरी। निनवा की सुश्री दुर्गा साहू एवं उनके दल ने छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायन से लोक परंपरा की जीवंत झलक प्रस्तुत की। महोत्सव स्थल पर कोरिया मिलेट्स कैफे, जंगल कैफे एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर दर्शकों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। आयोजन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,अधिकारी-कर्मचारी एवं जिलेवासी उपस्थित रहे। कोरिया महोत्सव ने न केवल लोक कला और संस्कृति को मंच प्रदान किया, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का

# छत्तीसगढ़ में विकास का एक नया आयाम गढ़ने वाला:साय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की खूबसूरत वादियों में स्थित जशपुर जिला के ग्राम बगिया में 21 फरवरी को जन्म लेने वाले मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सज्जनता और सहृदयता की एक मिसाल है। दो वर्ष के अपने मुख्यमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ राज्य में विकास का एक नया आयाम गढ़ने वाले तथा प्रदेश के नागरिकों के दिलों में राज करने वाले मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज अपनी लोकप्रियता के शिखर पर विद्यमान है। श्री विष्णुदेव साय जनता के बीच के एक ऐसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं जिनकी सदाशयता और दूरगामी योजनाओं से प्रदेश में विकास और प्रगति का राह आसान हुआ है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आदिवासी पृष्ठभूमि से आते हैं।

केबिनेट बैठक में राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होली त्यौहार से पहले एकमुश्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं एक किसान पुत्र हैं वे किसानों की पीड़ा को भलीभांति जानते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से की की गई है, जो देश में सर्वाधिक है। बीते दो वर्षों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पूर्व किसानों को 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रूपए हो जाएगी। किसान हितैशी सरकार के इस निर्णय से बाजार भी गुलजार होंगे, जिससे शहरी अर्थव्यवस्था पर सीधा असर दिखाई देगा, ट्रैक्टर आदि की बिक्री में वृद्धि होगी। प्रदेश की नवीन औद्योगिक नीति से राज्य में अब तक 7 लाख 83 हजार करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अपने दो साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की जनता के बीच जाकर जनता का न केवल विश्वास जीता है बल्कि उनके हित को ध्यान में रखकर उन्होंने ऐसी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है



जिससे छत्तीसगढ़ का समग्र विकास सम्भव हो पाया है। यह केवल और केवल श्री विष्णुदेव साय जैसे एक संवेदनशील, कर्मठ तथा ऊर्जावान मुख्यमंत्री ही सम्भव कर सकते हैं। श्री विष्णु देव की सुशासन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2026 को महतारी गौरव वर्ष घोषित किया गया है। राज्य सरकार ने मातृशक्ति का सम्मान करते हुए 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रूपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। प्रदेश के 42 हजार 878 महिला स्व- सहायता समूहों को आसान ऋण से अब तक 129.46 करोड़ रूपए का लाभ दिया गया है। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के अंतर्गत 4.81 लाख महिलाओं को 237 करोड़ रूपए की सहायता राशि दी गई है। राज्य की 19 लाख से अधिक महिलाओं को पूरक पोषण आहार सुनिश्चित की गई है। महिला सुरक्षा के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन 181 की स्थापना की गई है। महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर 52.20 करोड़ की लागत से 179 महतारी सदनों का निर्माण कराया जा रहा है। महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री हेतु 200 करोड़ की लागत से नवा रायपुर में यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री की पहल पर दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 5.62 लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। राज्य सरकार द्वारा आवास और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रख कर अब तक 26 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति किए गए हैं। स्वच्छ पेयजल सबका अधिकार है। प्रदेश के 41 लाख से अधिक घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति के लिए राज्य में 77 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है। 70 समूह जल प्रदाय योजनाओं से प्रदेश के 3208 गांव लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अलावा राज्य के शत-प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार में रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना के साथ रेल नेटवर्क मैप से बस्तर जुड़ रहा है। जगदलपुर-विशाखापट्नम और रायपुर-विशाखापट्नम नई सड़क परियोजनाओं से विकास की नई राहें खुल रही है।

# 12वीं बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हुआ भूगोल और भौतिकी से सामना

## 21 से शुरू होगी हाईस्कूल परीक्षा

**कोरबा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई है। हायर सेकेंडरी 12वीं की परीक्षा के पहले दिन परीक्षार्थियों का सामना भूगोल और भौतिकी से हुआ। जबकि हाईस्कूल 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से शुरू होगी। जिले में विद्यार्थियों के लिए कुल 98 केंद्रों की व्यवस्था की गई है। यह संख्या वर्ष 2025 के मुकाबले दो ज्यादा है। प्रशासन के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने परीक्षाओं को संपन्न कराने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं की है। नकल रोकने का प्रबंध भी इसमें शामिल है।

कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर दोनों परीक्षाओं के लिए पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 22 हजार 987 है। बारहवीं में 9 हजार से अधिक छात्रों का पंजीकरण हुआ है। इनमें कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय के छात्र शामिल हैं। बोर्ड की व्यवस्था के अंतर्गत कला संकाय से आज भूगोल और विज्ञान से भौतिकी के पर्चे परीक्षार्थियों को हल करने दिए गए। कुल तीन घंटे का समय परीक्षा के लिए अधिसूचित किया गया है। यह अवधि प्रश्नपत्र वितरण, अवलोकन और हल करने की रखी गई है। आज सुबह से ही परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों की पहुंच सुनिश्चित हुई। दूरदराज से वास्ता रखने वाले छात्र जो कोरबा स्थित केंद्र के लिए पंजीकृत हुए उन्होंने काफी समय पहले अपनी पहुंच यहां तक बनाई। 9.15 बजे परीक्षा प्रारंभ हुई और 12.15 बजे अंतिम रूप से परीक्षार्थियों से उत्तर पुस्तिकाएं वापस ले ली गई। परीक्षा अवधि में ऑब्जर्वर की टीम अलग-अलग कक्षों में भ्रमण करने के साथ व्यवस्था पर नजर रखे रही, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी की गुंजाईश न हो। संवेदनशील केंद्रों में इक्का-दुक्का पुलिस कर्मी तैनात किए गए। बताया गया कि 21 फरवरी को 10वीं की परीक्षा प्रारंभ होगी जिसके लिए 13 हजार छात्र पंजीकृत हैं। इस दिन प्रथम भाषा हिन्दी के साथ परीक्षार्थी अपना संबंध जोड़ते नजर आएंगे। माना जा रहा है कि हाईस्कूल परीक्षार्थियों के मामले में वातावरण को सहज करने के लिए इस तरह की कोशिश माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से की गई है। इस परीक्षा के लिए भी कोरबा जिले के अंतर्गत 98 केंद्र तय किए गए हैं। दोनों ही परीक्षाएं 18 मार्च को समाप्त होंगी। बोर्ड ने पूरी परीक्षा अवधि में शेड्यूल इस तरह का बनाया है ताकि कठिन विषयों के लिए बेहतर तैयारी करने हेतु छात्रों को पर्याप्त समय मिल सके और वे इसके हिसाब से तैयारी भी कर सके।




### उड़नदस्तों को दी गई जिम्मेदारी

कलेक्टर के निर्देश पर बोर्ड परीक्षा के सुचारू संचालन को लेकर शिक्षा विभाग के द्वारा सभी जरूरी व्यवस्थाएं पहले ही कर ली गई है। इस अनुक्रम में परीक्षा केंद्रों में आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। अनुचित साधनों के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए पहले ही प्रचार-प्रसार किया जा चुका है। परीक्षार्थियों से कहा गया कि वे एक वर्ष तक हुई पढ़ाई पर भरोसा रखें और इसके हिसाब से प्रदर्शन करें। दूसरी ओर पर्याप्त संख्या में उड़नदस्तों का गठन भी किया गया और उन्हें हर परीक्षा दिवस को औचक निरीक्षण करने को कहा गया।

### 9वीं और 11वीं की परीक्षा 2 मार्च से

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने घरेलू परीक्षाओं की समय सारिणी भी घोषित कर दी है। इसके अंतर्गत 9वीं और 11वीं की परीक्षाएं 2 मार्च से शुरू हो रही है। इसके अंतर्गत पहले दिन 9वीं के लिए गणित और 11वीं के लिए भूगोल, भौतिक, एकाउंट, कृषि की परीक्षा होगी। 7 मार्च को दोनों ही कक्षाओं के लिए अंग्रेजी का विषय रखा गया है। 9 मार्च को 9वीं के लिए हिंदी और 11वीं के लिए राजनीति, रसायन, बिजनेस मैनेजमेंट, फसल उत्पादन की परीक्षा होगी। 11 मार्च को दोनों कक्षाओं के लिए व्यवसायिक विषय और 9वीं के वैकल्पिक रूप से संस्कृत को शामिल किया गया है। 13 मार्च को 9वीं के छात्र सामाजिक विज्ञान की परीक्षा देंगे। इसी दिन 11वीं के लिए गणित, समाज शास्त्र, इतिहास की परीक्षा होगी। 14 मार्च को 11वीं के लिए जीवविज्ञान, अर्थशास्त्र और पशुपालन की परीक्षा होगी। 16 मार्च को 9वीं के लिए विज्ञान और 11वीं के लिए हिंदी का पर्चा होगा।

## दर्री पुलिस ने डीजे संचालकों की बैठक ली, शांति सुरक्षा पर जोर




**कोरबा।** होली पर्व को लेकर दर्री पुलिस ने अग्रिम तैयारियां और रणनीति पर काम शुरू किया है। इस कड़ी में क्षेत्र के डीजे संचालकों की बैठक ली गई। कई मुद्दों पर चर्चा के साथ निर्णय लिए गए।

दर्री टीआई आशीष सिंह ने बताया कि दर्री पुलिस थाना अंतर्गत डीजे व्यवसाय से जुड़े संचालकों को परिसर में बुलवाकर संवाद किया गया। उन्हें बताया गया कि होली पर विभिन्न स्थानों में होने वाले कार्यक्रम में आप अपना व्यवसाय जरूर करें लेकिन इस दौरान नियम पालन का ध्यान रखा जाए। कहीं भी डीजे के शोर-गुल से आम लोगों को बाधा उत्पन्न न हो। परीक्षा के दौर में यह त्योहार आयोजित होना है इसलिए प्रशासन की ओर से जारी किए गए दिशा निर्देश का ख्याल रखा जाए। जिस अवधि के लिए आपको परमिशन मिली हुई है उसके बाद कहीं भी शोर-शराबा जैसी स्थिति न रहे। पूरे काम को सुरक्षा के साए में किया जाए यह प्राथमिकता होनी चाहिए। डीजे पर होली से संबंधित गानों को बजाएं जरूर पर अश्लीलता और फूहड़ता वाली स्थिति से दूर रहें। ऐसे किसी भी मामले में कहीं से भी शिकायत प्राप्त होती है तो पुलिस निश्चित रूप से हस्तक्षेप के साथ कार्यवाही करेगी। इसमें पेनाल्टी से लेकर जब्ती भी होगी। टीआई आशीष सिंह ने कहा कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत कहीं भी होली के नाम पर लोगों से जबरिया उगाही करने और उनका रास्ता रोकने के प्रकरणों में भी नजर रखी जा रही है। इस तरह की हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे काम में संलिप्त तत्वों पर एक्शन होगा, चाहे वे किसी भी विचारधारा के समर्थक क्यों न हो।

# बालको गोलीकांड : आरोपी साहिल को हथियार सप्लाई किया था विवेक ने

## बिहार से कोरबा पहुंचा हथियार, जांच जारी



**कोरबा।** बालकोनगर क्षेत्र में एक युवती के घर पर गोली चलाने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी साहिल मसीह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं, घटना में प्रयुक्त हथियार उपलब्ध कराने वाले आरोपी विवेक सिंह की तलाश तेज कर दी गई है। वह फिलहाल फरार बताया जा रहा है।

बालको क्षेत्र में एक युवती के घर पर अज्ञात कारणों से गोली चलाई गई थी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को यह स्पष्ट हुआ कि गोली चलाने की वारदात को साहिल मसीह ने अंजाम दिया था। साक्ष्यों और तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि घटना में जिस हथियार का उपयोग किया गया, वह आरोपी को विवेक सिंह द्वारा उपलब्ध कराया गया था। सूत्रों के अनुसार, यह हथियार बिहार से बालकोनगर पहुंचाया गया था। हालांकि, पुलिस अभी इस कड़ी की गहन जांच कर रही है कि हथियार किस माध्यम से और किन लोगों की मदद से यहां तक पहुंचा। हथियार सप्लाई करने के आरोपी विवेक सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार आरोपी साहिल मसीह को आज न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस रिमांड की मांग कर सकती है, ताकि घटना से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित साजिश की परतें खोली जा सकें।

## स्टोन माइंस प्रोजेक्ट की जनसुनवाई पर विवाद, निरस्त करने की मांग

**कोरबा।** जिले के पौड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित स्टोन माइंस प्रोजेक्ट को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पिछले दिनों आयोजित पर्यावरण जनसुनवाई को मूल निवासी किसान संघ ने अवैध, फर्जी और नियमविरुद्ध बताते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि इस परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति तत्काल निरस्त कर पुनः पारदर्शी तरीके से संपूर्ण प्रक्रिया कराई जाए।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जनसुनवाई की प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण तथ्यों को सार्वजनिक नहीं किया गया। स्थानीय ग्रामीणों और प्रभावित किसानों को परियोजना के संभावित पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभावों की पूरी जानकारी नहीं दी गई। संघ का आरोप है कि जिन बिंदुओं पर आपत्ति या विरोध की संभावना थी, उन्हें जानबूझकर नजरअंदाज किया गया।

मूल निवासी किसान संघ ने यह भी आरोप लगाया है कि पेंड्रा के एक ठेकेदार द्वारा संभावित विरोध को दबाने के लिए 'सभी को खुश करने' की कोशिश की गई। संघ का दावा है कि प्रभावशाली लोगों को साधकर वास्तविक विरोध की आवाज को दबा दिया गया, जिससे जनसुनवाई औपचारिकता बनकर रह गई।

ग्रामीणों का कहना है कि स्टोन माइंस प्रोजेक्ट से क्षेत्र में धूल प्रदूषण, जलस्त्रोतों पर असर और कृषि भूमि को नुकसान होने की आशंका है। ऐसे में बिना व्यापक जनसहमति और निष्पक्ष सुनवाई के किसी भी प्रकार की पर्यावरणीय मंजूरी देना उचित नहीं है। संघ ने कहा कि जनसुनवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग और दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं। वास्तविक प्रभावित ग्रामीणों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

# वनों को आग से बचाने लिया संकल्प



## मदनपुर में वन प्रबंधन समिति की हुई बैठक

**कोरबा।** गर्मी का सीजन शुरू होते ही वन विभाग अभी से वनों की सुरक्षा के लिए सक्रिय हो गया है। विभाग वन प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा ग्रामीणों की बैठक लेकर उन्हें लगातार सजग किया जा रहा है। इसी कड़ी में कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत केंदई रेंज के मदनपुर क्षेत्र में डिप्टी रेंजर मंगल सिंह नायक एवं वनरक्षक पवन बिंझवार द्वारा वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों के साथ बैठक ली गई और जंगल में अग्नि की रोकथाम हेतु चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि तेंदूपत्ता व महुआ के संग्रहण हेतु वनों में पेड़ के नीचे आग न लगाएं। यदि किसी कारणवश आग लगाने की आवश्यकता पड़ती है तो मौके पर ही उपस्थित रहकर आग को बुझाने के बाद ही अपने घर वापस लौटें। बैठक में मदनपुर सरपंच, उपसरपंच तथा कई ग्रामीण भी मौजूद थे जिन्होंने इस बार वनों को आग से बचाने के लिए संकल्प लिया। बैठक में यह भी बताया गया कि अग्नि की रोकथाम हेतु मदनपुर, पतुरियाडांड तथा पुटा में कैंप बनाया गया है, जहां जंगल में आग लगने पर तत्काल सूचित किया जा सकता है। ज्ञात रहे कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत तथा केंदई वन परिक्षेत्राधिकारी अभिषेक दुबे का सख्त निर्देश है कि इस बार वनों को आग लगने से हर हालत में बचाएं।

# एसईसीएल प्रबंधन ने तोड़ा चीरघर को खुले में करना पड़ा मृतक का पोस्टमार्टम




**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक रिटायर्ड कोल कर्मी की दुखद मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक के शव का मर्ग पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिलाईबाजार के उमेन्दीभांठा भेजा, जहां विडंबना यह रही कि पोस्टमार्टम भवन के बजाए खुले आसमान के नीचे करना पड़ा। ग्रामीणों ने इसके पीछे पोस्टमार्टम भवन को एसईसीएल प्रबंधन द्वारा तोड़कर गड्ढा खोदे जाने का आरोप लगाया है। विकास नगर कुसमुंडा निवासी रिटायर्ड एसईसीएल कर्मी अरूण कुमार की बीते बुधवार को कोरबा कुसमुंडा मार्ग अंतर्गत ग्राम खम्हरिया मोड के पास ट्रेलर की चपेट में आने से निधन हो गया था। पोस्टमार्टम के लिए शव को भिलाईबाजार के उमेन्दीभांठा चीरघर लाया गया था। ग्रामीणों व परिजनों ने बताया कि जब वे वहां पहुंचे तो चीरघर ही गायब मिला। उन्होंने एसईसीएल प्रबंधन पर बिना पंचायत व स्वास्थ्य विभाग को सूचना दिए पोस्टमार्टम भवन को तोड़कर खदान विस्तार के लिए गड्ढा खोदे जाने का आरोप लगाया है। जिसकी वजह से सुबह लगभग 11 बजे शव का खुले आसमान के नीचे पोस्टमार्टम करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार का ग्राम उमेन्दीभांठा में पोस्टमार्टम भवन स्थित था, जिसे तोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि कुसमुंडा, गेवरा बस्ती सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग उक्त भवन पर आश्रित हैं। भवन नहीं होने के कारण अब शव का पोस्टमार्टम कार्य नहीं हो पाएगा। परेशानी को लेकर ग्रामीणों ने अधिकारियों से मोबाइल पर चर्चा का प्रयास किया, लेकिन अधिकारियों का फोन रिसीव नहीं हुआ। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## कुसमुंडा मार्ग पर गर्मी से पहले गुबार की समस्या

**कोरबा।** अरसे तक इमलीछापर तिराहे से लेकर कुचैना तक बारिश के सीजन में कीचड़ के कारण लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। बारिश की विदाई के बाद किसी तरह इस समस्या से छुटकारा मिला। इस रास्ते में चल रहे निर्माण के कारण अब गर्द-गुबार उड़ने की परेशानी आवागमन को बाधित कर रही है। इसके निराकरण को लेकर न तो एजेंसी ने ध्यान दिया और न सरकारी अमले ने। प्रतिदिन इस रास्ते से होकर हजारों लोगों का आना-जाना कोयलांचल दीपका से कोरबा की तरफ होता है। कवर्ड गाड़ियों का सफर लोगों को सुरक्षा सुनिश्चित करता है लेकिन दोपहिया और पब्लिक ट्रांसपोर्ट से जाने का मतलब खुद को नई उलझन में डालने जैसा है। बताया गया कि वायु प्रदूषण से दो-चार होने के कारण जन स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है और बजट भी प्रभावित हो रहा है।

## मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका

**कोरबा।** मौसम की संधि काल में कई प्रकार के संक्रामक रोग फैलने की आशंका होती है। ठंड की विदाई और गर्मी के आगमन के साथ इस तरह के संकेत मिल रहे हैं। इसलिए स्वास्थ्य विभाग ने ऐसी समस्याओं का सामना करने के लिए दवाओं का पर्याप्त भंडारण किया है।



**भाजपा नेताओं को मिला मार्गदर्शन:** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रशिक्षण महाभियान 2026 का शुभारंभ किया जाना है। इसके अंतर्गत रायपुर में कुशाभाऊ ठाकरे भवन में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षण विभाग के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के द्वारा यहां पर भाजपा नेताओं को मार्गदर्शन दिया गया। कोरबा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी , कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, डॉ राजीव सिंह, हितानंद अग्रवाल कार्यशाला में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला जमीनी स्तर पर काम करने के मामले में काफी उपयोगी साबित होगी।

# बालको अस्पताल में नई फार्मेसी का शुभारंभ क्षेत्रीय मरीजों को मिलेगी आसानी से दवा



**कोरबा।** बालको मेडिकल सेंटर द्वारा बालको अस्पताल परिसर में एक नई फार्मेसी (औषधि भंडार) की शुरुआत की गई है। इस फार्मेसी का उद्घाटन भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार तथा बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही द्वारा किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के मुख्य चिकित्सक अधिकारी श्री विवेक सिंहा एवं कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी तथा गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

इसका उद्देश्य कोरबा एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को एक ही स्थान पर आसानी से कम कीमत और उचित समय पर आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराना है। नई फार्मेसी के शुरू होने से अब मरीजों और उनके परिजनों को दवाइयों के लिए शहर के दूर-दराज इलाकों में भटकना नहीं पड़ेगा। यहाँ सामान्य से लेकर विशेष उपचार में उपयोग होने वाली आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध रहेंगी, जिन पर विशेष रियायत भी दी जाएगी, जिससे इलाज का खर्च कम होगा और मरीजों को समय पर दवा मिल सकेगी। बालको के सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि यह पहल क्षेत्र के लोगों को बेहतर, सुलभ और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे मरीजों को उपचार के साथ-साथ दवाइयाँ भी उसी परिसर में आसानी से मिल सकेंगी। कंपनी हमेशा सामुदायिक स्वास्थ्य विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

## श्रवण साहू का निधन

**कोरबा।** वरिष्ठ पत्रकार श्रवण साहू का कल निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज सुबह ढेंगुरनाला स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com